दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी

डिजिटल वर्ल्ड में भी जरूरी है.......
स्वास्थ्य मात्र सुविधा ही नहीं .......

वर्ष : 11 | अंक : 348 | लखनऊ, 08 दिसम्बर, सोमवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए





**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10

## 24 रुपए रिफंड के फेर में गंवाए 87 हजार

**अहमदाबाद।** यहां एक महिला को 24 रुपए के रिफंड के चक्कर में करीब 87 हजार रुपए का नुकसान हो गया। चांदखेडा क्षेत्र की महिला ने जेप्टो से सब्जियां ऑर्डर की थीं, लेकिन छोटे बैंगन की जगह बड़े बैंगन मिलने पर वापसी की कोशिश की। सारी डिटेल दे दी।



## हवाई किराए पर नियंत्रण स्वागत योग्यः चिदंबरम

**नई दिल्ली।** इंडिगो उड़ानों में किराए पर नियंत्रण लगाने का फैसला किया है। इस कदम का स्वागत करते हुए कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कहा कि जब तक एयरलाइन सेक्टर में केवल दो बड़ी कंपनियों का दबदबा है, तब तक किराए पर नियंत्रण जारी रहना चाहिए।



## शाह ने गुजरात में बायो-सीएनजी और उर्वरक संयंत्र का किया लोकार्पण

नए डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर की रखी नींव

# डेयरी क्षेत्र के लिए कई योजनाएं चल रहीं, इस उद्योग को मिलेगी मजबूती

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात के वाव-थराड़ क्षेत्र में बनास डेयरी द्वारा स्थापित नए बायो-सीएनजी और उर्वरक संयंत्र का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने 150 टन प्रतिदिन क्षमता वाले दूध पाउडर संयंत्र की आधारशिला भी रखी। इस कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेता, जिनमें गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी और सहकारिता मंत्रालय के राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर तथा मुरलीधर मोहोल उपस्थित रहे। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्वेत क्रांति 2.0 के तहत डेयरी क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन, पशुपालन अवसंरचना विकास निधि, संशोधित राष्ट्रीय डेयरी योजना और राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम जैसी बड़ी योजनाएं प्रारंभ की हैं, जो देश के डेयरी उद्योग को नई मजबूती प्रदान करेंगी। उन्होंने बताया कि बनास डेयरी का बायो-सीएनजी मॉडल देशभर की अन्य सहकारी समितियों के लिए प्रेरणा बनेगा।

गुजरात के वाव-थराड़ क्षेत्र को दी सौगात



कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण करते गृहमंत्री शाह

### उन्होंने 150 टन प्रतिदिन क्षमता वाले दूध पाउडर संयंत्र की आधारशिला भी रखी

### गोबर और डेयरी अपशिष्ट से किसानों की आय बढ़ेगी

इससे गोबर और डेयरी अपशिष्ट से जैव-उर्वरक, बायोगैस और बिजली तैयार होगी और किसानों की आय में कम से कम 20 प्रतिशत तक वृद्धि संभव होगी। शाह ने यह भी घोषणा की कि अब सहकारी डेयरियां अपना पशु-चारा स्वयं तैयार करेंगी ताकि लाभ सीधे किसानों तक पहुंचे। उन्होंने अमूल को उच्च मूल्य वाले डेयरी उत्पादों की सूची भी भेजी है, ताकि वैश्विक बाजार में उनकी हिस्सेदारी बढ़ाई जा सके। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने बीज, जैविक उत्पाद और कृषि निर्यात के लिए तीन नए राष्ट्रीय स्तर के सहकारी संगठन बनाए हैं तथा तीन बहुराज्यीय डेयरी सहकारी समितियों को भी स्थापित किया है।

### बनास डेयरी के लिए महिलाओं को दिया श्रेय

शाह ने बताया कि बनास डेयरी का कारोबार अब 24,000 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है और इस सफलता का बड़ा श्रेय बनासकांठा की महिलाओं को जाता है, जिन्होंने दूध संग्रह और सहकारी मॉडल को मजबूत बनाने में अहम योगदान दिया है। देशभर के लगभग 250 डेयरी अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक जनवरी में बनासकांठा का दौरा करेंगे ताकि इस सहकारी मॉडल को करीब से समझ सकें। नर्मदा और माही नदियों से जल लाने वाली परियोजनाओं के कारण बनासकांठा में बड़ा परिवर्तन आया है।

### यह 400 रुपए से शुरू होकर 24 हजार करोड़ के कारोबार तक पहुंची

शाह ने एशिया की सबसे बडी बनास डेयरी को सहकारिता का सफल माडल बताते हुए कहा कि यह डेयरी 400 रुपए से शुरू होकर 24 हजार करोड़ के कारोबार तक पहुंची है। यह सफलता किसानों और पशुपालकों की मेहनत का परिणाम है।शाह ने विश्वास जताया कि आगामी पांच वर्षों में पशुपालकों की आय में 20 प्रतिशत की वृद्धि होगी।शाह ने शनिवार को बनास डेयरी के अध्यक्ष एवं गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी के साथ कई कार्यक्रमों में शिरकत की और बनास डेयरी की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।



नागरिकों से मिलते गृहमंत्री शाह

### मिलकर काम करने का आह्वान किया

उन्होंने श्वेतक्रांति 2.0 को सफल बनाने और 2047 के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। शाह ने वाव-थराद जिले के सणादर डेयरी में बनास रेडियो स्टेशन, पोटैटो प्लांट और आइसक्रीम प्लांट का निरीक्षण किया।

### दुग्ध समितियों में माइक्रो-एटीएम स्थापित किए गए

उन्होंने बताया कि गांव-गांव की दूध समितियों में माइक्रो-एटीएम स्थापित कर दिए गए हैं और भविष्य में इनके माध्यम से अन्य वित्तीय सेवाएँ भी उपलब्ध कराई जाएँगी। कार्यक्रम के दौरान शाह ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि दी और सरदार वल्लभभाई पटेल के सहकारी आंदोलन में योगदान को भी याद किया।

## राजस्थान में पहली बार कानून लागू



फाइल फोटो।

# अगर शव रखकर प्रदर्शन किया तो अब होगी पांच साल जेल

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राजस्थान में अब मृतक शरीर को रखकर विरोध प्रदर्शन करना, लाश पर राजनीति करना और बिना वजह अंतिम संस्कार में देरी करना अपराध माना जाएगा। राज्य सरकार ने पूर्व कांग्रेस शासन में पारित 'मृतक शरीर सम्मान कानून' के नियम बिना किसी संशोधन के लागू कर दिए हैं। नियम लागू होने के बाद अब इस कानून के तहत सीधे कार्रवाई की जा सकेगी। 20 जुलाई 2023 को पिछली गहलोत सरकार के दौरान यह बिल पारित हुआ था। 17 अगस्त 2023 को राज्यपाल की मंजूरी के बाद 18 अगस्त 2023 से यह कानून प्रभावी हो गया था, लेकिन इसके नियम जारी नहीं हुए थे। उस समय विपक्ष में रही बीजेपी ने इस कानून का कड़ा विरोध किया था। अब सत्ता में आने के बाद बीजेपी सरकार ने बिना बदलाव किए ही इसके नियम अधिसूचित कर दिए हैं।

### परिजनों पर हो सकेगी कार्रवाई

अगर परिजन राजनीतिक या सामाजिक दबाव के लिए डेड बॉडी नहीं उठाते, तो उन्हें भी सजा मिलेगी। किसी भी नेता, संगठन या गैर-परिजन द्वारा शव के साथ विरोध करने पर भी 5 साल तक की सजा का प्रावधान है।

नियम अधिसूचित होने के बाद अब इस कानून के दायरे में परिजन, नेता और मामले से जुड़े सभी व्यक्ति आ जाएंगे। डेड बॉडी का उपयोग कर विरोध, राजनीति या सार्वजनिक व्यवस्था बाधित करने की किसी भी कोशिश पर सीधे कार्रवाई की जा सकेगी।

### अंतिम संस्कार 24 घंटे के अंदर करना अनिवार्य

नियमों के अनुसार मृतक का अंतिम संस्कार 24 घंटे के अंदर करना अनिवार्य होगा। देरी सिर्फ मृतक के परिजन बाहर से आ रहे हों या फिर पोस्टमॉर्टम आवश्यक हो इन्हीं परिस्थितियों में ही मान्य होगी, अन्यथा पुलिस मृतक का शव अपने कब्जे में लेकर अंतिम संस्कार करवा सकेगी। नए प्रावधानों के अनुसार डेड बॉडी रखकर प्रदर्शन करने, सड़क जाम करने या लाश के जरिए दबाव बनाने पर 1 से 5 वर्ष तक की जेल और जुर्माना लगेगा।


## तिवारी ने संसद में गैर सरकारी विधेयक प्रस्तुत किया

सांसदों को अपने विवेक से वोट का हक मिले

# पार्टी लाइन से हटकर वोट देने की आजादी होनी चाहिए, 'व्हिप' से मुक्ति भी मिलेगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में एक विधेयक पेश किया है, जिसमें अच्छे कानून बनाने के लिए संसद सदस्यों को व्हिप के झंझट से मुक्ति दिलाने की मांग रखी गई है। इसमें विधेयकों और प्रस्तावों पर स्वतंत्र रूप से मतदान की इजाजत देने का अनुरोध किया गया है। तिवारी ने कहा कि इस विधेयक का मकसद यह पता लगाना है कि लोकतंत्र में प्राथमिकता किसकी होनी चाहिए- वह मतदाता जो अपने प्रतिनिधि को चुनने के लिए घंटों धूप में खड़ा होता है या वह राजनीति, जिसके व्हिप का पालन करने के लिए प्रतिनिधि मजबूर हो जाता है।



### वंदे मातरम पर आज होगी चर्चा

वंदे मातरम पर संसद में सोमवार को होने वाली चर्चा को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला हैऔर दावा किया है कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू एक्सपोज हो जाएंगे।

### उद्देश्य भी बताया

तिवारी ने कहा कि इसका उद्देश्य संसद सदस्यों को अविश्वास और विश्वास प्रस्तावों जैसे सरकार की स्थिरता से जुड़े प्रस्तावों, स्थगन प्रस्ताव, वित्त विधेयकों और वित्तीय मामलों को छोड़कर अन्य विधेयकों व प्रस्तावों पर स्वतंत्र रूप से मतदान करने की स्वतंत्रता देना है। सांसदों को विवेक, क्षेत्र के लोगों औरसमझ के आधार पर फैसले लेने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए।

## भारत मंडपम में 2 दिनी राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले केंद्रीय मंत्री खट्टर

# एआई और मशीन लर्निंग देश के विद्युत नेटवर्क को बदल देगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) तकनीकें आने वाले समय में भारत के विद्युत वितरण तंत्र को पूरी तरह बदल देंगी। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 2 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने बताया कि ये तकनीकें बिजली नेटवर्क को अधिक स्मार्ट, उपभोक्ता-केंद्रित और स्वयं अनुकूल बनने में मदद करेंगी। उनके अनुसार एआई और मशीन लर्निंग से विद्युत व्यवस्था न केवल तेज होगी, बल्कि उपभोक्ताओं का अनुभव भी बेहतर होगा। खट्टर ने "स्टैलर" नामक संसाधन पर्याप्तता योजना उपकरण को भी लॉन्च किया, जिसे केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने तैयार किया है।

स्टैलर संसाधन पर्याप्तता योजना भी लॉन्च

### विद्युत व्यवस्था होगी तेज और उपभोक्ताओं का अनुभव भी बेहतर होगा



### कटौतियां कम होंगी और लागत में भी कमी आएगी

खट्टर ने बताया कि स्मार्ट मीटर विश्लेषण, डिजिटल ट्विन, प्रिडिक्टिव मेंटेनेंस, बिजली चोरी का पता लगाने वाली प्रणाली, उपकरण-स्तर की बिजली खपत की जानकारी, आउटेज पूर्वानुमान और जनरेटिव-एआई आधारित निर्णय-सहायता जैसे समाधानों से वितरण कंपनियों की कार्यक्षमता कई गुना बढ़ सकती है। इन तकनीकों के इस्तेमाल से उपभोक्ताओं को अधिक विश्वसनीय बिजली मिलेगी।

### गलतफहमियों और अफवाहों से दूर रहें

खट्टर ने सभी वितरण कंपनियों, तकनीकी भागीदारों, नवाचारकर्ताओं और शैक्षणिक संस्थानों से मिलकर काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों को लेकर फैल रही गलतफहमियों और अफवाहों को दूर करना जरूरी है।

### एमपी ईस्ट 'डिसकॉम' श्रेणी में विजेता बना

इस सम्मेलन में राष्ट्रीय नवाचार चुनौती के तहत 195 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें वितरण कंपनियां, एडवांस मीटरिंग सेवा प्रदाता, टेक्नोलॉजी कंपनियां और होम-ऑटोमेशन संस्थाएं शामिल थीं। कई चरणों की जांच के बाद तमिलनाडु की टीएनपीडीसीएल और मध्य प्रदेश की एमपी ईस्ट को 'डिसकॉम' श्रेणी में विजेता चुना गया।

## मौत की सूची में दर्ज व्यक्ति कई सौ किलोमीटर दूर महाराष्ट्र में मिला जिंदा

# केदारनाथ प्रलय में 'मर' चुके शख्स को एक चोरी ने मिलवाया घरवालों से

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

वर्ष 2013 की केदारनाथ बाढ़ में हजारों लोग मारे गए, जबकि सैकड़ों लोग लापता हो गए। शिवम उनमें से एक था। कई दिनों तक जब उनका कोई पता नहीं चला तो घरवालों ने हार मान ली और उन्हें 'मरा हुआ' मानकर उनका 'प्रतीकात्मक' अंतिम संस्कार कर दिया लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। मौत की सूची में दर्ज हो चुका यह शख्स कई सौ किलोमीटर दूर महाराष्ट्र के संभाजीनगर में जिंदा मिला वह भी एक चोरी के केस में फंसने के बाद। हालांकि युवक की मानसिक हालत ठीक नहीं है इसलिए उसे याद नहीं कि वह यहां तक कैसे पहुंचा।

### शिवम के स्कूल का नाम बना माध्यम

वर्ष 2023 में एक दिन शिवम ने अचानक रुड़की के अपने स्कूल, 'प्रेम विद्यालय' का नाम बताया। यही वह ठोस जानकारी थी जिसकी टीम को तलाश थी। भोसले ने तुरंत हरिद्वार जिले के रुड़की थाने से संपर्क किया और वहां से शिवम के रिश्तेदारों और उनकी पढ़ाई की जानकारी मिल गई।



**क्या है शिवम को बीमारी :** रिश्तेदारों ने बताया कि शिवम डिसऑर्गेनाइज्ड सिजोफ्रेनिया (अव्यवस्थित सिजोफ्रेनिया) से जूझ रहे हैं। यह एक मानसिक बीमारी होती है, जिसमें पीड़ित के सोचने, बोलने का तरीका और रोजमर्रा के काम बहुत अव्यवस्थित हो जाते हैं। शिवम को घर ले जा चुका परिवार फिलहाल इस मामले पर बात नहीं करना चाहता।

### पूरा मामला क्या है, जज ने भेजा अस्पताल

रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में संभाजीनगर के जिस मंदिर में शिवम रुका था, उसमें चोरी हो गई। गिरफ्तारी के बाद कुछ लुटेरों ने उनका नाम भी इस मामले में घसीट लिया। जब अदालत में शिवम को पेश किया गया, तो जज ने उन्हें 'डिसआर्गेनाइज्ड सिजोफ्रेनिया' की वजह से पुणे के रीजनल मेंटल हॉस्पिटल में भेजने का आदेश दिया। बाद में, रुड़की (उत्तराखंड) के गवर्नमेंट मेंटल हॉस्पिटल में शिवम के स्कूल से जुड़ी एक छोटी-सी जानकारी सामने आई। यही सुराग उनके परिवार तक पहुंचने की शुरुआत बना।

### बोली-भाषा के कारण हुई मुश्किल

उधर, अदालत ने भी साफ कर दिया कि शिवम का चोरी से कोई संबंध नहीं है और आरएमएच ने उन्हें छुट्टी दे दी। इसके बाद, 55 साल के शिवम शुक्रवार, 5 नवंबर को आखिरकार अपने भाई से मिल पाए. शिवम का परिवार रुड़की में रहता है। आरएमएच की समाज सेवा अधीक्षक) रोहिणी भोसले बताती हैं कि शिवम से उनकी पहचान जान पाना आसान नहीं था। वे पहाड़ी बोली बोलते थे, जिसे समझना मुश्किल था, और पोलियो के कारण उन्हें चलने में दिक्कत होती थी। उन्होंने कहा, मुझे अजीब लगा कि ऐसी हालत में वे किसी चोरी में कैसे शामिल हो सकते हैं।

# रूस ने अपने ही शहर में गिरा दिया 1000 किलो का बम

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

यूक्रेन में आर्म्ड फोर्सेज डे से पहले रूस ने शनिवार को बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया। यूक्रेन एयरफोर्स के मुताबिक रूस ने 29 ठिकानों पर 653 ड्रोन और 51 मिसाइल दागीं। इनमें से 585 ड्रोन और 30 मिसाइल मार गिराई गईं। इससे 8 लोग घायल हुए।

- 653 ड्रोन और 51 मिसाइलों से यूक्रेन पर किया हमला

कई एनर्जी स्टेशन और रेलवे ढांचे को नुकसान पहुंचा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस ने यूक्रेन पर हमले के दौरान गलती से अपने ही एक शहर बेल्गोरोड यूक्रेन सीमा से करीब 40 किमी दूर पर एफएबी-1000 हाई-एक्सप्लोसिव बम गिरा दिया। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। बम का कुल वजन लगभग 1000 किलो के करीब था।

### रूसी तेल रिफाइनरियों पर यूक्रेन ने हमले बढ़ाए

रूस ने भी दावा किया कि उसने रातभर में 116 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। साथ ही यूक्रेन ने रूस के रयाजान तेल रिफाइनरी पर लंबी दूरी के ड्रोन से हमला किया। पिछले कुछ महीनों से यूक्रेन रूस के तेल रिफाइनरियों पर लगातार हमले कर रहा है, ताकि रूस का तेल निर्यात आय कम हो। यूक्रेन-अमेरिका का आरोप है कि रूस यहीं तेल बेचकर जंग के लिए हथियार और मिसाइल बनाता है।

## संक्षेप

### यूपी के 33 जिलों में 14 से 22 दिसंबर तक पिलाई जाएगी पोलियो ड्रॉप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश के 33 जिलों में 14 से 22 दिसंबर तक पल्स पोलियो अभियान चलेगा। इसमें जीरो से पांच साल तक के 1.33 करोड़ बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाई जाएगी। अभियान के पहले दिन 44,726 पोलियो बूथ पर ड्रॉप पिलाई जाएगी। इसके अलावा 29,360 टीमें और 10 हजार से अधिक पर्यवेक्षक घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाएंगे। राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता के अनुसार लखनऊ, उन्नाव, वाराणसी, बांदा, आगरा, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, इटावा, अंबेडकर नगर, फिरोजाबाद, अमेठी, भदोही और अयोध्या में पोलियो पिलाई जाएगी। इसके अलावा, चंदौली, बदायूं, हमीरपुर, हाथरस, जौनपुर, मऊ, जालौन, झांसी, कन्नौज, कानपुर नगर, कानपुर देहात, ललितपुर, कुशीनगर, महोबा, मीरजापुर, मथुरा, पीलीभीत, सोनभद्र, गाजीपुर में पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। प्रदेश को पोलियो मुक्त 15 साल पहले ही घोषित किया जा चुका है। पोलियो का आखिरी केस 21 अप्रैल 2010 को फिरोजाबाद में मिला था। डॉ. अजय ने बताया कि नेपाल बॉर्डर पर 30 पोस्ट टीकाकरण के लिए बनाए गए हैं। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, सोमालिया, नाइजीरिया, सीरिया, कैमरून, केन्या और इथोपिया से आने वाले यात्रियों को भी पोलियो वैक्सीन दी जा रही है। इन सभी देशों में अभी पोलियो बीमारी खत्म नहीं हुई है। फरवरी 2014 से अक्टूबर 2025 तक 1.87 लाख यात्रियों को पोलियो की वैक्सीन पिलाई जा चुकी है।

### यूपी में मार्च तक परिषदीय स्कूलों में बढ़ेगी स्मार्ट क्लास की रफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश में परिषदीय स्कूलों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की दिशा में कदम उठाया जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष के अंत तक प्रदेश के 74 फीसदी परिषदीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास की सुविधा शुरू हो जाएगी। फिलहाल सिर्फ 46.79 प्रतिशत स्कूलों जिनमें उच्च प्राथमिक स्कूल, कंपोजिट विद्यालय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) में ही स्मार्ट क्लास उपलब्ध हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुसार सभी स्कूलों को वाई-फाई और इंटरनेट से पूरी तरह जोड़कर स्मार्ट क्लास अनिवार्य रूप से संचालित की जानी हैं। इसी दिशा में समग्र शिक्षा के तहत परिषदीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास स्थापित की जा रही हैं। कई स्थानों पर कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) फंड से भी स्मार्ट क्लास बनाई गई हैं। इसके अलावा स्मार्ट क्लास को नियमित चलाने के लिए आईसीटी लैब भी स्थापित की गई हैं, लेकिन यूपी जैसे बड़े राज्य में यह संख्या अभी भी जरूरत के मुकाबले काफी कम है। कई जिलों में स्थिति चिंताजनक है। कुछ जिलों में लक्ष्य के अनुरूप स्मार्ट क्लास शुरू नहीं हो पाई, जबकि कई जिलों में उपकरण होने के बावजूद इंटरनेट न होने या मशीनें खराब होने की वजह से स्मार्ट क्लास नॉन-फंक्शनल बनी हुई हैं।

# 146वां 'आपका विधायक - आपके द्वार' जनसंवाद शिविर

**अशरफनगर वासियों ने रखी आवास, लाइट और पेंशन जैसी समस्याएँ**

**गांव की शान : विधायक डॉ. राजेश्वर द्वारा हमीरपुर के 4 मेधावियों को साइकिल प्रदान कर किया सम्मानित**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को उनके द्वार तक पहुंचाने तथा मेधावियों व गाँव के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने के उद्देश से शुरू की गयी 'आपका विधायक - आपके द्वार' जन संवाद शिविर की साप्ताहिक पहल 146 आयोजनों का कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है।रविवार को सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में अर्जुनगंज मंडल के अंतर्गत अशरफनगर में 146 वें 'आपका विधायक - आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं एवं सुझावों को साझा किया शिविर के दौरान क्षेत्रवासियों ने स्ट्रीट लाइट, ढट आवास, नाली, सड़क, आयुष्मान कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन आदि से जुडी करीब 23 समस्याओं/सुझाओं से अवगत कराया जिनमें से 3 समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया शिविर के दौरान 'गांव की शान' पहल के अंतर्गत हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले अशरफ नगर के 4 मेधावियों - प्रशांत वर्मा (96.5%), साधना रावत (80%), श्लोक कश्यप (73%) तथा अमरदीप (69%) को साइकिल, घड़ी और प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया युवाओं को खेल संसाधन उपलब्ध कराने के संकल्प क्रम में 160 वें ड्ढ४३ॅ उह्ल४ु (इड्ढ८२) व 95वें ॠ१ह्लर ड्ढ४३ॅ उह्ल४ु का गठन कर कैरम, वॉलीबॉल, क्रिकेट किट, फुटबॉल आदि प्रदान की गईं। स्वास्थ्य सेवाओं को जन - जन तक सुलभ बनाने के उद्देश्य से विजन प्लस हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य तथा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, इस दौरान 50 क्षेत्रवासियों के नेत्र परीक्षण कर आवश्यकता अनुसार चश्में भी प्रदान किए गये। साथ ही, रकफ हेल्प डेस्क के माध्यम से ग्रामीणों को मतदाता पुनरीक्षण फॉर्म भरने आदि में सहयोग भी किया गया, इस दौरान संबंधित इछअ - 2 एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान सेक्टर संयोजक दिनेश कश्यप एवं सचिन नाथ, बूथ अध्यक्ष मनीष कुमार, सूबेदार लोधी, मुकेश लोधी, राम नरेश लोधी, रामू लोधी, लता तिवारी, रेनू कुशवाहा, मोनिका गौतम, सुष्मिता सिंह, अर्चना, कुलदीप, ननकी, बसंती, सावित्री, अर्जुन धानुक एवं अन्य क्षेत्रवासियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान सभी उपस्थित क्षेत्रवासियों को ताराशक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से ताजा - पौष्टिक भोजन भी उपलब्ध कराया गया।

# समय से पहले एस आई आर-2025 पूरा कर बीएलओ वंदना शुक्ला सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



गोसाईगंज। स्थित चांद सराय प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षामित्र एवं बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ वंदना शुक्ला ने विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर-2025 के तहत सौंपे गए कार्य को निर्धारित समय से पहले पूरा कर उत्कृष्ट मिसाल पेश की है। उनकी इस उपलब्धि पर मोहनलालगंज के उप जिलाधिकारी पवन कुमार पटेल ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।चांद सराय प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत वंदना शुक्ला के जिम्मे 1050 फॉर्म थे। उन्होंने घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए और समय पर सभी प्रपत्र एकत्र कर नियमानुसार सुपरवाइजर को सौंप दिए। उनकी कार्यशैली में न केवल तेजी रही, बल्कि पूरी प्रक्रिया में सटीकता और पारदर्शिता भी देखने को मिली। आयोजित सम्मान समारोह में एसडीएम पवन कुमार पटेल ने कहा कि वंदना शुक्ला जैसी कर्मठ, जिम्मेदार और ईमानदार बीएलओ लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि उनका समर्पण अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणादायक है और क्षेत्र में स्वच्छ व अद्यतन मतदाता सूची तैयार करने में यह योगदान बेहद महत्वपूर्ण है।शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी वंदना शुक्ला के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कर्मठ कर्मचारियों की वजह से चुनावी तैयारी सुचारू, विश्वसनीय और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ पाती है।

# चलते टैंकर में पीछे से टकराई कार, पांच लोग गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक कार आगे चल रहे टैंकर में घुस गई। जिससे दंपति सहित एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अचानक हुई दुर्घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने उन्हें किसी तरह बाहर निकाला और इसकी सूचना पुलिस को दी। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताते हैं कि कानपुर के आर्यनगर निवासी प्रियांशु गुप्ता अपनी पत्नी राधिका, बहन मानसी और बच्चों संस्कृति व सार्थक के साथ अयोध्या दर्शन कर शनिवार रात कार से वापस लौट रहे थे। कार प्रियांशु चला रहे थे। देररात जब वह बंथरा में कानपुर रोड स्थित पिलर संख्या पी-64 के पास पहुंचे, तभी आगे चल रहे कंटेनर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। कार की रफ्तार तेज होने के कारण प्रियांशु कार को नियंत्रित नहीं कर पाए और कार सीधे टैंकर में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दरवाजे जाम हो गए, जिससे प्रियांशु और उनकी पत्नी अंदर ही फंस गए। इसी दौरान रात्रि ड्यूटी में तैनात यातायात विभाग के टीआई कृष्णा नगर शावक कुमार सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में लोगों की मदद से पुलिस टीम ने कार का दरवाजा तोड़कर प्रियांशु और राधिका को बाहर निकाला। दोनों गंभीर रूप से घायल थे, राधिका के पैरों में गहरी चोटें थीं, जबकि प्रियांशु खून से लथपथ अवस्था में मिले। वही मानसी, संस्कृति और सार्थक को मामूली चोटे आई। पुलिस ने आनन फानन एम्बुलेंस बुलवाकर सभी घायलों को इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल भेजा। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद मानसी, संस्कृति और सार्थक को छुट्टी दे दी गई। जबकि प्रियांशु और राधिका की हालत गंभीर होने पर सूचना पाकर पहुंचे परिजन उन्हें कानपुर के एक निजी अस्पताल लेकर चले गए।फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु अटेर गांव में हितधारक बैठक आयोजित

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मलिहाबाद के अटेर गांव स्थित एसएचजी उद्यमिता केंद्र में ग्रामीण पर्यटन परियोजना के अंतर्गत ग्राम स्तरीय हितधारक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण पर्यटन के विकास, संवर्धन और संचालन में शामिल सभी प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाना रहा। बैठक में हस्तशिल्प से जुड़ी महिलाएं (चिकन कारीगर), कुम्हार, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, होमस्टे संचालक, पारंपरिक व्यंजन निमार्ता, स्थानीय कहानीकार तथा स्थानीय गाइड बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने ग्रामीण पर्यटन को सफल बनाने के लिए अपने अनुभव व सुझाव साझा किए। कार्यक्रम में टीम लीडर अमिताभ पांडे ने ग्रामीण पर्यटन की अवधारणा और इसकी आर्थिक व सामाजिक संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गांव में पर्यटन को बढ़ावा देने से न केवल आजीविका के नए अवसर पैदा होंगे बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण भी संभव होगा। साथ ही उन्होंने हर हितधारक की भूमिका और जिम्मेदारी पर भी प्रकाश डाला। जिला समन्वयक सत्य प्रकाश ने सामूहिक प्रयास, बेहतर समन्वय और क्षमता निर्माण पर जोर देते हुए कहा कि सभी हितधारकों की एकजुटता से ही एक समृद्ध और आकर्षक पर्यटन पारिस्थितिकी तंत्र तैयार किया जा सकता है। बैठक में ग्राम समन्वयक हिमांशु चौरसिया, नमो नारायण मिश्रा और सूरज भी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर अपना मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान किया। ग्राम प्रधान मैकू ने ग्रामीण पर्यटन में कृषि की अहम भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पारंपरिक खेती, प्राकृतिक सौंदर्य और कृषि आधारित गतिविधियां पर्यटकों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी सहायक सिद्ध होंगे। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने ग्रामीण पर्यटन को नई दिशा देने का संकल्प लिया।

# लखनऊ एयरपोर्ट में यात्री ने किया हाई वोल्टेज ड्रामा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार रात एक यात्री ने हाई वोल्टेज ड्रामा किया। वह नशे की हालत में इंडिगो एयरलाइंस से दम्माम जा रहा था। उसे नशे की हालत में होने के कारण बोर्डिंग से रोक दिया गया। नाराज यात्री ने टर्मिनल के बाहर जमकर उत्पात मचाया और सुरक्षाकर्मियों से धक्का-मुक्की तक कर डाली। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान घनश्याम विश्वकर्मा पुत्र विरेंद्र शर्मा, निवासी ग्राम पडियापुर, पोस्ट मडौली, थाना महुवाडीह, जिला देवरिया के रूप में हुई है। वह इंडिगो की फ्लाइट 6ए-97 से सऊदी अरब के दम्माम जाने वाला था। एयरपोर्ट सुरक्षा कर्मियों द्वारा थाने पर की गयी शिकायत के मुताबिक, घनश्याम काफी नशे में था, जिसके चलते एयरलाइंस स्टाफ ने उसे उड़ान के लिए अयोग्य बताते हुए बोर्डिंग से मना कर दिया और ऑफलोड कर टर्मिनल के बाहर भेज दिया। टर्मिनल से बाहर आते ही यात्री ने अपना आपा खो दिया। उसने अपना बैग पटक पटक कर तोड़ना शुरू कर दिया और यात्रियों से भी अभद्र व्यवहार किया। जब ड्यूटी पर मौजूद एमएसएफ सुरक्षाकर्मियों ने हस्तक्षेप किया तो वह उनसे गाली-गलौज और हाथापाई पर उतर आया। स्थिति बिगड़ते देख अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों ने उसे काबू में किया और सरोजनीनगर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर उत्पात, धमकी व कर्मचारियों से दुर्व्यवहार समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने उससे पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया है। वहीं एयरपोर्ट अधिकारियों का कहना है कि नशे में यात्रियों को रोकना सुरक्षा प्रोटोकॉल का अनिवार्य हिस्सा है और ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस नीति लागू रहती है।

# विश्व हिंदू परिषद, सरस्वती प्रखंड की बैठक सम्पन्न

## एल्डिको उद्यान-2 स्थित शिव शक्ति मंदिर प्रांगण में हुआ आयोजन

**नव नियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्व,**

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई। एल्डिको उद्यान-2 राय बरेली रोड स्थित शिव-शक्ति मंदिर के पवित्र परिसर में विश्व हिंदू परिषद, सरस्वती प्रखंड की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अतुल मिश्रा की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला मंत्री धीरज सोनकर रहे। बैठक में धर्म रक्षा निधि के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई, तथा संगठन द्वारा संचालित गतिविधियों को गति प्रदान करने पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्य अतिथि सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने धर्म रक्षा निधि एवं विश्व हिंदू परिषद की कार्यप्रणाली पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया तथा नवनियुक्त सदस्यों को जिम्मेदारी के साथ सक्रिय योगदान हेतु प्रेरित किया। बैठक में प्रखण्ड टीम का विस्तार करते हुए कई सदस्यों को नये दायित्व सौंपे गए। श्रीमती सरला सिंह एवं गिरीश गुप्ता को उपाध्यक्ष, ललित सक्सेना को कार्यकारी अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष, विक्रम सिंह को मंत्री, चंदन गुप्ता को सहमंत्री, पंडित बलराम पांडे को धमार्चार्य संपर्क प्रमुख, श्रीमती सरिता द्विवेदी को मातृशक्ति संयोजिका, श्रीमती रत्ना चटर्जी एवं श्रीमती जया बोस को सह संयोजिका, श्रीमती प्रियंका त्रिपाठी को दुगार्वाहिनी संयोजिका, संदीप शुक्ला को बजरंग दल संयोजक तथा विनय तिवारी को बजरंग दल सहसंयोजक का पदभार सौंपा गया। नए दायित्वों से संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ तथा सभी पदाधिकारियों से संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा व्यक्त की गई। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद की जिला इकाई से मातृशक्ति संयोजिका रेनू जी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका बबिता पांडे जी, जिला संस्कार प्रमुख संजीव मिश्रा जी, सह संस्कार प्रमुख अरविन्द गुप्ता जी, जिला सह मंत्री नीरज शुक्ला जी, बीनू मिश्रा जी, संस्कार परीक्षा प्रमुख अरविन्द पांडे जी सहित विभिन्न जिला पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की गरिमा समाजसेवियों दिग्विजय सक्सेना, शंकर शरण शुक्ल, मंजरी श्रीवास्तव आदि की सहभागिता से और बढ़ी। बैठक में धर्म रक्षा निधि अभियान को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने तथा संगठन के विस्तार के लिए सामूहिक सहयोग, समर्पण और दृढ़ संकल्प का संदेश दिया गया।

# समाजसेवियों और अधिवक्ताओं का एक विशेष समागम किया गया आयोजित

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सामाजिक सहयोग और न्याय व्यवस्था को आमजन तक सरल एवं प्रभावी रूप में पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को सरोजनीनगर स्थित बिजनौर रोड के अमर मिलन लॉन में समाजसेवियों और अधिवक्ताओं का एक विशेष समागम आयोजित किया गया। समागम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक संस्था 'मदद' के गठन को अंतिम रूप देना तथा इसके भविष्य के कार्यक्षेत्र, जिम्मेदारियों और सामाजिक हस्तक्षेपों पर विचार-विमर्श करना था।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र तिवारी ने संस्था के गठन की पहल को अत्यंत सराहनीय बताते हुए कहा कि समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों की सहायता के लिए अधिवक्ताओं और समाजसेवियों का एक प्लेटफॉर्म बनाना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने उपस्थित अधिवक्ताओं और समाजसेवियों से आग्रह किया कि वे आगामी वर्ष को सेवा और सहयोग का वर्ष बनाते हुए विभिन्न सामाजिक वर्गों की मदद करने का संकल्प लें। वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि अधिवक्ता केवल मुकदमों में पक्ष रखने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि लोकतंत्र का एक सशक्त स्तंभ और समाज का सजग प्रहरी होता है। न्याय व्यवस्था को प्रभावी बनाने में उनकी ईमानदारी, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता कानून की गहरी समझ के साथ ही समाज की समस्याओं और अन्याय के खिलाफ लड़ने की क्षमता रखते हैं, इसलिए उनके प्रयास समाज सुधार में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। समागम को वरिष्ठ समाजसेवी शिव शंकर अवस्थी, पूर्व विधान परिषद सदस्य अरविंद त्रिपाठी उर्फ. गुड्डू त्रिपाठी, लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता अवधेश शुक्ला, अधिवक्ता वीरेन्द्र कुमार तिवारी, नगर पंचायत प्रतिनिधि रंजीत रावत, सपा नेता हरिशंकर यादव, नीरज त्रिपाठी, अनुराग उत्तम तथा प्रेस क्लब सरोजनीनगर के संरक्षक शिव कुमार तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी अमर सिंह यादव ने संस्था ह्यमददह्ल के उद्देश्यों और आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

# श्रीराम आयुष केन्द्र में महिला स्वास्थ्य मेले का भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। श्रीराम आयुष केन्द्र, गायत्री शक्तिपीठ, रामपुर-देवरई, बक्शी का तालाब में सोमवार को महिला स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आरुषि मेडिकल सेंटर, अलीगंज की डॉ. कविता मिश्रा रहीं। स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि को मंत्र-दुपट्टा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मेजर वी.के. खरे ने मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने बताया कि श्रीराम आयुष केन्द्र में होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक, फिजियोथेरपी, एक्यूप्रेशर, मर्म चिकित्सा, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहित कई विधाओं के माध्यम से हजारों लाभार्थियों को निरंतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। मुख्य अतिथि डॉ. कविता मिश्रा ने केंद्र पर संचालित स्वास्थ्य सेवाओं और विभिन्न जागरूकता गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने उपस्थित छात्राओं और महिलाओं से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने पर विशेष जोर दिया। स्वास्थ्य मेले में प्रख्यात समाजसेवी जे.पी. सिंह, धनपाल सिंह फौजी, यशपाल सिंह, तृप्ति सिंह, पुनीत खरे, गिरिजा शंकर तिवारी, पवन मिश्रा सहित सैकड़ों महिला-पुरुषों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की जिला इकाई की बैठक सम्पन्न, पत्रकार सुरक्षा और संगठन विस्तार पर हुआ मंथन.......

अमन लेखनी समाचार




पीजीआई, लखनऊ। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि.) के प्रदेश कार्यालय, वृंदावन योजना सेक्टर-6 स्थित पीजीआई क्षेत्र में रविवार को लखनऊ जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिले के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों की भारी उपस्थिति ने कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान की। बैठक की शुरूआत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर की।बैठक में पत्रकार सुरक्षा, फील्ड में कार्यरत पत्रकारों की वास्तविक समस्याओं और संगठन को जिला एवं तहसील स्तर पर मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के प्रहरी हैं,लेकिन जमीनी स्तर पर कार्य करते समय उन्हें अनेक जोखिमों और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। परिषद का उद्देश्य पत्रकारों को सुरक्षा, सम्मान और हर संभव सहयोग उपलब्ध कराना है।

उन्होंने आगे कहा कि परिषद शीघ्र ही पत्रकारों के लिए पंचायत स्तर तक प्रशिक्षण कार्यक्रम, कानूनी सहायता शिविर और जागरूकता अभियान चलाएगी।संगठन विस्तार की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए परिषद ने दुर्गेश सिंह ह्यदीपुह्ल को उत्तर प्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया। घोषणा के दौरान उपस्थित सदस्यों ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया। इसी क्रम में जिले में महासचिव राजू मोहन पांडे,संगठन मंत्री श्यामलाल गौतम, आईटी सेल आशीष पाल,उपाध्यक्ष भारत भूषण की नई जिम्मेदारियों की घोषणा की गई।

### पत्रकारों ने रखी जमीनी समस्याएँ......

बैठक के दौरान कई पत्रकारों ने खुलकर अपनी समस्याएँ रखीं। थानों में सहयोग की कमी, समाचार संकलन के दौरान उत्पीड़न, ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा संकट, पहचान पत्र सत्यापन में अनावश्यक जटिलताएँ प्रमुख मुद्दों में शामिल रहे।परिषद ने सभी समस्याओं पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जल्द ही प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर ठोस समाधान सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया।बैठक में जिला अध्यक्ष दिलीप मिश्रा, जिला प्रभारी रघुनाथ सिंह, जिला संरक्षक मुकेश द्विवेदी, गौरव शुक्ला, दिव्यांशु त्रिपाठी, अवनीश पांडे, पुष्पराज सिंह, शिवा मिश्रा, रोहित दीक्षित, विनीत मिश्रा सहित जिले के अनेक पत्रकार मौजूद रहे।बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से संकल्प लिया कि पत्रकार हितों, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए परिषद प्रदेशभर में सक्रिय अभियान चलाएगी तथा संगठन को गांव-गांव, तहसील-तहसील तक विस्तार देने के लिए सतत प्रयास करेगी।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, परिजनों में छाया मातम

उन्नाव। मोहल्ला कल्याणी क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घर के अंदर मृत मिली महिला की पहचान 55 वर्षीय गुड़िया पत्नी स्वर्गीय रजेपाल के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतका के परिजनों ने बताया कि गुड़िया लंबे समय से बीमार थीं और मानसिक रूप से भी कमजोर थीं। परिवार के सदस्यों के अनुसार, चार से पांच दिन पहले उन्हें एक कुत्ते ने काट लिया था, जिसके बाद उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई। परिजन उन्हें इलाज के लिए ले जा रहे थे, लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। परिजनों ने स्पष्ट किया कि गुड़िया की मौत में किसी तरह की बाहरी या आपराधिक वजह नहीं है। उनका कहना है कि बीमारी और हाल ही में कुत्ते के काटने के बाद तेजी से बिगड़ी हालत ही मौत का कारण प्रतीत होती है। हालांकि, स्थानीय लोगों में घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं थीं, जिसके बाद पुलिस को मामले की विस्तृत जांच करनी पड़ी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक पड़ताल की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह मामला प्राकृतिक मौत का ही प्रतीत होता है। मृतका का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। गुड़िया अपने पीछे चार बच्चों को छोड़ गई हैं, जिनमें दो बेटे अशोक और राजेंद्र शामिल हैं। मां की अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और घर में मातम का माहौल है। रविवार को परिवार के लोगों ने गुड़िया को अचानक बेहोश पाया। जब तक वे कुछ समझ पाते या मदद का इंतजाम कर पाते, उनकी मौत हो चुकी थी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पूर्व डाक कर्मचारी की मौत

उन्नाव। लखनऊ-कानपुर हाइवे पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 61 वर्षीय पूर्व डाक कर्मचारी राजेंद्र यादव की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह हादसा जी स्कूल के पास लखनऊ-कानपुर हाइवे पर हुआ, जहां राजेंद्र यादव अपने निजी काम से बाइक पर जा रहे थे। हादसे के बाद घायल राजेंद्र यादव को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है, ताकि अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान की जा सके। राजेंद्र यादव की पहचान कोतवाली थाना क्षेत्र के उम्मीद खेड़ा निवासी स्वर्गीय दरबारी लाल के पुत्र के रूप में हुई है। वह इलाहाबाद डाक विभाग में डाक बाबू के पद पर कार्यरत थे और लगभग एक वर्ष पहले ही सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद वे अपने परिवार के साथ गांव में रहकर खेती-किसानी और पारिवारिक कार्यों में व्यस्त रहते थे। इस हादसे से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके तीन बेटियां और एक बेटा हैं। उनके बेटे ने बताया कि सुबह पिता किसी काम से घर से निकले थे, और थोड़ी देर बाद ही इस दर्दनाक हादसे की खबर मिली। पुलिस ने इस हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है और वाहन की तलाश शुरू कर दी है। थाना कोतवाली पुलिस के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज की मदद से घटना के बारे में और जानकारी प्राप्त की जा रही है।

# ग्राम चौपाल' का आयोजनः पुलिस ने मौके पर किया जन समस्याओं का समाधान

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली पुलिस ने जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से रविवार को सफीपुर मुख्य बाजार में 'ग्राम चौपाल' का सफल आयोजन किया। इस चौपाल में पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को सुना और प्राथमिकता के आधार पर उनका मौके पर ही समाधान किया।



### जनता-पुलिस संवाद और महत्वपूर्ण बैठक

चौपाल के दौरान, ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यगण, डिजिटल वॉलंटियर, पुलिस पेंशनर्स, वरिष्ठ नागरिक, शस्त्रधारकों और गांव के अन्य सम्मानित व्यक्तियों की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से गांव की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

### महिला सशक्तिकरण और हेल्पलाइन की जानकारी

पुलिस टीम ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त, नागरिकों को आकस्मिक स्थिति में त्वरित सहायता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों के विषय में जागरूक किया गया, जिनमें शामिल हैं:

**वूमेन पॉवर लाइन: 1090**

साइबर हेल्पलाइन नंबर: 1930
आकस्मिक पुलिस सहायता नंबर: 112
चाइल्डलाइन नंबर: 1098

### साइबर अपराध और सोशल मीडिया सुरक्षा पर चर्चा

वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराधों को देखते हुए, चौपाल में उनसे बचाव के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी गई। नागरिकों को सोशल मीडिया के प्रयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में भी जागरूक किया गया, ताकि वे ऑनलाइन खतरों से सुरक्षित रह सकें।

### चौपाल में मौजूद रहे अधिकारी

ग्राम चौपाल को सफल बनाने में उप निरीक्षक संजीव तोमर, आरक्षी राघवेंद्र गुज्जर, तथा महिला आरक्षी प्रियंका और महिला आरक्षी प्रीति तोमर की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस टीम ने जनता के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सभी मुद्दों पर गहनता से ध्यान दिया।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने बरामद किए 101 मोबाइल फोन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। जनपद की सर्विलांस टीम ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुमशुदा हुए 101 एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनकी अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह और क्षेत्राधिकारी नगर दीपक यादव ने कुशल पर्यवेक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने सर्विलांस टीम को गुमशुदा मोबाइलों की शत-प्रतिशत बरामदगी के कड़े निर्देश दिए थे, जिसके परिणामस्वरूप टीम ने भिन्न-भिन्न स्थानों से मोबाइल खोज निकाले। पुलिस लाइन में आयोजित एक कार्यक्रम में बरामद मोबाइल उनके असली मालिकों को सौंपे गए। अपने खोए हुए फोन वापस पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कई पीड़ितों ने बताया कि मोबाइल के साथ उसमें मौजूद महत्वपूर्ण डेटा, फोटो और जरूरी दस्तावेज वापस मिलना उनके लिए बड़ी राहत की बात है। सभी ने उन्नाव पुलिस की तत्परता और ईमानदारी के लिए आभार व्यक्त किया। सर्विलांस सेल द्वारा सितंबर 2024 से अब तक कुल 606 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंपे जा चुके हैं। इनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह उपलब्धि जिले में तकनीकी सहायता से अपराध नियंत्रण और संपत्ति बरामदगी के क्षेत्र में पुलिस की दक्षता को दर्शाती है। इस सराहनीय बरामदगी में शामिल सर्विलांस टीम के कांस्टेबल शुभम तोमर, कांस्टेबल प्रशांत बालियान, कांस्टेबल अरुण यादव और कांस्टेबल विवेक को प्रशंसा पत्र देने की घोषणा की गई है। पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी न केवल लोगों की व्यक्तिगत संपत्ति लौटाने का कार्य है, बल्कि यह पुलिस और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत करता है। उन्होंने यह भी बताया कि 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत गुमशुदा संपत्ति और लापता लोगों की खोज आगे भी जारी रहेगी।

# दो युवतियां हुई लापता पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांव में मंगलवार की दोपहर युवतियां अपने अपने पुरुष मित्र के साथ निकल गयी रात तक घर नहीं पहुंची तो खोज बीन की इस दौरान पता चला तो पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन युवकों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। पहली घटना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी मां ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि बीस साल की बेटी का गांव निवासी युवक विकास पुत्र बाबू राम के साथ दोस्ती थी बेटी को शादी का झांसा देकर युवक अपने साथ कहीं लेकर निकल गया दूसरी घटना इसी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी शिवा सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह चौबीस साल की बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ लेकर निकल गया शाम तक घर नहीं पहुंची तो खोज बीन इस दौरान पता चला तो शिवा सिंह के घर पर मोबाइल फोन मिला कर पूछताछ की तो शिवा सिंह के ताऊ का लड़का विराट सिंह फोन पर अभद्रता करने लगा और मुकद्दमा दर्ज कराने पर परिणाम भुगतने की धमकी दी इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि दो लोगों की तहरीर के आधार पर तीन युवकों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# पूणार्हुति के साथ संपन्न, पंच कुंडीय महायज्ञ व संस्कार महोत्सव

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। शांति कुंज हरिद्वार गायत्री परिवार का तीन दिसंबर से प्रारंभ पंच कुंडीय महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का पांच दिवसीय आयोजन पूणार्हुति, प्रसाद वितरण बाद समाप्त हो गया। आस्था के महासमर में शामिल सैकड़ों लोगों ने राष्ट्र जागरण अभियान से जन जन को जोड़ने का संकल्प लिया। गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार पीठ से आए विद्वान आचार्यों ने गायत्री महिमा का न सिर्फ विस्तृत व्याख्यान किया बल्कि वैज्ञानिक आधार पर गायत्री के चमत्कारिक परिणाम भी बताए। आयोजन के मुख्य संयोजक परिजन अधिवक्ता महेंद्र श्रीवास्तव ने आगंतुकों एवं आचार्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रत्येक सहयोगी की



खुले दिल से तारीफ की उन्होंने कहा कि युग परिवर्तन के महाअभियान में जो गुरुदेव के कार्य में संलग्न हैं उनका सब प्रकार से कल्याण गुरुदेव की जिम्मेदारी है। पंच कुंडीय यज्ञ एवं राष्ट्र जागरण अभियान के समापन सत्र से पूर्व भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। जिसके संबंध में आचार्य ने बताया कि वर्तमान राष्ट्र जागरण दीपोत्सव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के अनुयायी को जाग्रत करना है, उन्होंने कहा कि हमारा सनातन धर्म सर्वे भवन्ति सुखिनः की विचार धारा को मानता है इसलिए इस दीपोत्सव से हम भारत सहित पूरे विश्व के कल्याण की कामना करते है। समापन से पूर्व यज्ञ में 51 जोड़ो ने पूणार्हुति दी जिसके बाद पंचकुंडीय महायज्ञ का समापन हो गया। तत्पश्चात भण्डारे में प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# नेत्र शिविर में 180 मरीज ऑपरेशन के लिए किए गए चयनित

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। नगर स्थित भाजपा कार्यालय एवं विधायक आवास पर विधायक बंबालाल दिवाकर के सौजन्य से एक निशुल्क विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कानपुर के प्रतिष्ठित शंकरा आई हॉस्पिटल के कुशल चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर के दौरान लगभग 256 मरीजों की आँखों का गहन परीक्षण किया गया। जांच के उपरांत मोतियाबिंद व अन्य नेत्र रोगों से ग्रसित 180 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। चयनित मरीजों को बसों द्वारा शंकरा आई हॉस्पिटल, चौबेपुर (कानपुर) भेजा गया, जहां उनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक श्री दिवाकर ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए स्वयं मरीजों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने मरीजों के अस्पताल जाने, रहने और भोजन



की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता की सेवा ही उनकी प्राथमिकता है। शिविर को सुव्यवस्थित और सफल बनाने में बेनी माधव दिवाकर, आशीष कनौजिया और राजू सिंह चौहान सहित अन्य कार्यकताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। विकासखंड मियागंज के ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता संपन्न करायी गयी। खंड शिक्षा अधिकारी मियागंज की अध्यक्षता में आयोजित इस परीक्षा में विकासखंड के 58 उच्च प्राथमिक / कंपोजिट विद्यालयों से विद्यालय स्तर पर चयनित किए गए 174 बच्चों में से 162 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया। प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले टॉप 25 छात्रों को 5-5 के समूह में रैंडम आधार पर बांटकर द्वितीय चरण की रैपिड राउंड क्विज प्रतियोगिता करायी गई जिसमे टीम इ के पांच छात्र सूर्या सिंह एवं दीपाली वर्मा उच्च प्राथमिक विद्यालय कादिरपुर, अनुराग उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहा कला, करन कन्नौजिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय कोरारी कला एवं हिमांशु कंपोजिट विद्यालय जालिम खेड़ा ने अपनी बुद्धिमत्ता और त्वरित



उत्तर देने की क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय पताका फहराई। परीक्षा की शुचिता और गुणवत्ता में बी ई ओ मनींद्र कुमार का विशेष योगदान रहा जिनकी देखरेख में प्रश्न पत्रों के निर्माण से लेकर ओएमआर शीट की व्यवस्था, सिटिंग अरेंजमेंट इत्यादि कार्य संपन्न हुए। परीक्षा में सम्मिलित समस्त छात्र छात्राओं को पेन, पेंसिल, नोट पैड, फोल्डर, प्रमाण पत्र एवम लंच पैकेट प्रदान किए गए। विजेता टीम को फूलमाला, मोमेंटो के साथ विज्ञान / सामान्य ज्ञान आधारित पुस्तके और उप विजेता टीम को विज्ञान /सामान्य ज्ञान पर आधारित पुस्तके पुरस्कार स्वरूप देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए बी ई ओ मनींद्र कुमार ने कहा कि बच्चे भारत का भविष्य है इनकी प्रतिभा, योग्यता और क्षमता को निखार कर अगर सही रास्ता दिया जाए तो आने वाले समय में न केवल अपने क्षेत्र और जिले का बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर यह अपनी प्रतिभा का लोहा मनवायेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ए आर पी, धर्मेंद्र यादव, संजीव दीक्षित, अभिषेक शुक्ल, दीप नारायण त्रिवेदी एवम शिक्षक अजय सिंह, आशीष अवस्थी, ऋषभ दीक्षित, आशुतोष, अजीजुल रहमान, आफताब, अमित शर्मा, गोपाल इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष त्रिपाठी द्वारा किया गया। शिक्षक नेताओं में कृष्ण शंकर मिश्र, करम वीर प्रताप सिंह, शिव कुमार तिवारी, मोहम्मद जुबैर, शैलेंद्र कुमार , नैमिष कुमार, संतोष, इत्यादि मौजूद रहे जिनके द्वारा छात्र छात्राओं को भविष्य में बेहतर करने हेतु प्रेरित किया गया।

# पति-पत्नी के 25 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केन्द्र एवं थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 08, परिवार परामर्श केन्द्र एवं थाना सफीपुर से 04-04, थाना कोतवाली सदर, थाना गंगाघाट व थाना फतेहपुर चौरासी से 02-02, थाना औरास, थाना बांगरमऊ व थाना सोहरामऊ से 01-01जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में शिल्पी श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डा0 आशीष श्रीवास्तव संजय चौरसिया राजेन्द्र सिंह



सेंगर, डा0 एस.के. पाण्डेय, शशि रंजना अग्निहोत्री राजेन्द्र सिंह सेंगर, डा0 मनीष सिंह सेंगर डा0 अबसार अली, डा0 सगीर अहमद व सहियोगी अंकित सिंह रघुवंशी व शिवेन्द्र सिंह तथा पुलिस टीम में प्र0नि0 महिला हेल्पडेस्क संतोष कुमारी सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, उप निरीक्षक मधु श्रीवास्तव, उप निरीक्षक मिथलेश वर्मा, महिला आरक्षीगण अंशू रानी, चिंतन, शिखा, रीता चाहर, सुहाना, पूजा चौधरी, अंजली शर्मा, सेविका, सोनम, प्रीती, सीता यादव का विशेष योगदान रहा।

# न्योतनी में 1.50 करोड़ की पाइपलाइन अधूरी, छह माह से सड़क बदहाल

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। नगर पंचायत न्योतनी में लगभग 1 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से डाली गई नई पानी की पाइपलाइन छह महीने पहले पूरी हो चुकी है, लेकिन उससे संबंधित सड़क और इंटरलॉकिंग कार्य आज तक अधूरा पड़ा है। ठेकेदार की लापरवाही और अधिकारियों की चुप्पी ने स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। वार्ड नंबर 1, अम्बेडकर नगर में मटरू पुत्र भगाने के घर के पास आधी सड़क खोदकर पाइपलाइन डाली गई थी। पाइप डालने के बाद इंटरलॉकिंग पहले जैसी बहाल की जानी थी, लेकिन ठेकेदार ने सड़क पर सिर्फ मिट्टी डालकर उसे ढक दिया। इंटरलॉकिंग वर्षों से जैसे थी, आज तक नहीं कराई गई। परिणामस्वरूप, पास की पानी की टंकी से बहने वाला पानी सड़क पर जमा होकर कीचड़ और गंदगी का कारण बना हुआ है। वार्ड सभासद सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि उन्होंने कई बार फोन कर ठेकेदार को सड़क सही कराने के लिए कहा, लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर बात टाल दी गई। छह माह बीत जाने के बावजूद कोई कार्य शुरू नहीं किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत न्योतनी के अधिशासी अधिकारी रोहित कुमार भी इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे बैठे हैं। न निरीक्षण हो रहा है और न ही ठेकेदार पर किसी प्रकार की कार्रवाई की गई है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क को दुरुस्त नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी उन्हें सुविधाओं के बदले सिर्फ परेशानी मिल रही है।

# अपना दल एस की हुई मासिक समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम गोशाकुतुब स्थित अपना दल एस की मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष एडवोकेट पटेल अमरेश वर्मा ने की। बैठक में सर्वप्रथम कार्यकताओं और पदाधिकारियो ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प भेंट कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तत्पश्चात बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दल के मंडल उपाध्यक्ष अमरेश पटेल ने बताया कि हम सबकी नेता अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल लगातार किसान, कमेरो एवं पिछड़ों, दलितों की हमसफर बनकर उभरी हैं।



लगातार उनकी आवाज को सदन में बुलंद करने का काम कर रही हैं। इसलिए हम सब का दायित्व बनता है कि 2026 में आने वाले पंचायत चुनाव में पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाकर मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों को जिताने का काम करें। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमको जो जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है उसको वखूबी निभाने का काम करेंगे। पार्टी की नीतियों को बढ़ाने का काम करेंगे। साथ में आप सभी कार्यकताओं का सहयोग से बूथ सेक्टर मजबूत बनाने का भी कार्य करेंगे। कार्यक्रम को जिला महासचिव सुधांशु कटियार एवं ओमकार मौर्य, जिला अध्यक्ष आई टी मंच कन्हैयालाल आर्य, विधानसभा अध्यक्ष विकास पटेल आदि लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ राजेश पाल ने किया। मुख्य रूप से सांस्कृतिक मंच के जिला उपाध्यक्ष बंसीलाल अर्कवंशी, सहकारिता मंच के जिला अध्यक्ष कौशल गुप्ता, महिला मंच जिला अध्यक्ष साधना पटेल, जिला अध्यक्ष विधि मंच निशा नाथ वर्मा, विनिमेश पटेल, जिला सचिव कुंवरपाल आर्य, जोन अध्यक्ष विनोद कटियार, जगन्नाथ प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

# मवेशी से टकराकर बाइक सवार युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में अन्ना मवेशी से टकराकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन निजी साधन से सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने घायल को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव बहुउद्दीनपुर निवासी शक्तिमान (22) पुत्र मोतीलाल रविवार दोपहर बाइक से अजगैन जा रहा था। गांव से बाहर निकलते ही सड़क पर अचानक आए अन्ना मवेशी से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजन निजी साधन से उसे लेकर नवाबगंज सीएचसी पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# जन आरोग्य मेले का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र की नगर पंचायत ऊगू में स्थित पी एच सी में रविवार को शासन की नीति के अनुसार आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें दोपहर तक विभिन्न रोगों के लगभग बत्तीस मरीजों की मौजूद डाक्टर ने जांच कर देखा और उन्हें अस्पताल से ही दवाएं उपलब्ध कराई। आरोग्य मेले में अस्पताल का स्टाफ मुस्तैदी से मौजूद रहा। डाक्टर ने बाहर से दवाएं नहीं लिखी जो दवाएं उपलब्ध रही उन्हें मरीजों को वितरित की। कुछ मरीजों को खून की जांच कराने को कहा। अस्पताल में मौजूद डाक्टर रीतू सिंह ने समय से पहुंचकर मरीजों को देखना शुरू किया। मरीजों में अधिकांश मरीज सर्दी बुखार के तथा 5मरीज आंख की परेशानी के और कुछ पेट सम्बन्धी समस्या से ग्रस्त दिखाने आए। दिखाने आए मरीजों में 18महिला तथा 14पुरुष मरीज रहे।

# जीने से नीचे गिरकर 5 वर्षीय मासूम हुआ घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में ननिहाल आया मासूम बच्चा जीने से नीचे उतर रहा था इसी बीच उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। लखनऊ के पाल खेडा गांव निवासी संदीप पाल का बेटा सूर्यांश 05 मां के साथ आसीवन थाना क्षेत्र के सहबसी गांव ननिहाल आया था और छत पर खेल रहा था इसी बीच मां ने नीचे आने के लिए बुलाया तो वह जीने के रास्ते नीचे उतर रहा था इसी बीच अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# पुलिस ने ढाबा संचालक उसकी पत्नी तथा पुत्रों की जमकर की पिटाई

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग पर स्थित लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के निकट स्थित ढाबे पर अचानक पुलिस ने छापा मार दिया। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने ढाबा संचालक, उसकी पत्नी तथा पुत्रों की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई करने के बाद पुलिस ने ढाबा संचालक व उसके पुत्रों को हवालात में डाल दिया। पेशबंदी में पुलिस ने कोतवाल और उपनिरीक्षकों समेत आधा दर्जन पुलिस कर्मियों का सरकारी अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण भी करवाया है। मामला सत्ता दल से जुडा होने के चलते पुलिस ने आज रविवार को शांति भंग की आशंका में चालान कर मामले को रफा दफा कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मूर्तजापुर निवासी अवधेश पुत्र हरिकृष्ण हरदोई उन्नाव मार्ग पर आगरा एक्सप्रेसवे के निकट ढाबा का संचालन करते हैं। मुख्य मार्ग के किनारे स्थित होने के चलते ढाबे पर रात में ग्राहकों की भीड़ बढ़ जाती है । किंतु यह भीड़ बांगरमऊ कोतवाल अनुराग सिंह को पसंद नहीं है । कोतवाल पूर्व में कई बार ढाबा संचालक से भीड़ एकत्रित न करने का फरमान सुना चुके हैं। लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और सत्ता दल से जुड़े होने के चलते ढाबा संचालक पर कोतवाल की चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ। इसी बात से झल्लाए कोतवाल अनुराग सिंह 6/ 7 दिसंबर की मध्य रात दलबल के साथ ढाबे पर जा धमके। ढाबा संचालक और उनके परिवार का आरोप है कि ढाबे पर पहुंचते ही पुलिस ने लाठियां भांजनी शुरू कर दी। बचाव में जो भी आया पुलिस ने उसे भी पीटा। ढाबे में लगा सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया। गोलक में रखी नकदी निकाल ली। ढाबा संचालक की पत्नी ममता का आरोप है कि महिला पुलिस के बिना कोतवाल ने उनके साथ बदसलूकी की है। इसके बाद पुलिस ने ढाबा संचालक और उसके पुत्रों सहित चार लोगों को हवालात में डाल दिया। ढाबा संचालक के पुत्र का आरोप है कि कोतवाली ले जाने के बाद पुलिस ने सभी की निर्ममता से पिटाई की। आरोप यह भी है कि पिटाई से पहले पुलिस ने सरकारी अस्पताल में सभी का चिकित्सीय परीक्षण करवाया। इसके बाद मारपीट की। वही पेशबंदी में पुलिस ने कोतवाल समेत आधा दर्जन पुलिस कर्मियों का भी सरकारी अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण करवाया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और सत्ता दल से जुड़े ढाबा संचालक और उनके परिजनों के विरुद्ध की गई पुलिसिया कार्रवाई की भनक क्षेत्रीय विधायक और जिला स्तर के भाजपा नेताओं को लगी तो सभी नेता हरकत में आ गए। जिला स्तरीय नेताओं और पुलिस के आला अधिकारियों ने मिलकर मामले को मैनेज कराया। कोतवाली पुलिस ने सभी का शांति भंग के आशंका में चालान करके मामले को रफा दफा कर दिया।

## सम्पादकीय

# एसआईआर पर लगी अब 'सुप्रीम' मुहर

विपक्ष द्वारा किए जा रहे शोर-शराबे और हंगामे के बीच अब सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) पर मुहर लगा दी है। गुरुवार को शीर्ष अदालत में भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारी एसआईआर सहित दूसरे वैधानिक कामों को करने के लिए बाध्य हैं। वहीं, राज्य सरकारों का भी कर्तव्य है कि वे चुनाव आयोग (ईसी) को कर्मचारी उपलब्ध करवाएं। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से साफ है कि अब एसआईआर का काम रुकने वाला नहीं है। हालांकि शीर्ष अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया कि वे एसआईआर में लगे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के काम के दबाव को कम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती पर विचार करें। इससे बीएलओ पर काम का दबाव कम होगा। बता दें कि एसआईआर में लगे अब तक 29 बीएलओ की मौत हो चुकी है। वहीं, चुनाव आयोग ने 30 नवंबर को एसआईआर की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ाने का फैसला किया था। आयोग ने कहा था कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश को देश के 12 राज्यों में चल रहे गहन वोटर पुनरीक्षण यानी एसआईआर पर विपक्ष के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर कराने को लेकर चुनाव आयोग के अधिकारों को चुनौती नहीं दी जा सकती। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उसके पास ऐसा करने का पूरा संवैधानिक और कानूनी अधिकार है। शीर्ष अदालत ने इस प्रक्रिया को रोकने से साफ इनकार कर दिया। इसके साथ ही यह भी कहा कि अगर इसमें कोई अनियमितता सामने आई तो वह तुरंत सुधार के आदेश देगा। बेंच ने राजद सांसद मनोज झा की याचिका पर कहा कि एसआईआर की जरूरत पर सवाल उठाने वाले तर्कों में कोई दम नहीं है। सीजेआई ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव को त्योहार की तरह मनाया जाता है। वहां हर व्यक्ति को पता होता है कि गांव का निवासी कौन है और कौन नहीं। वहां अधिकतम मतदान होता है और लोग अपने वोट को लेकर बहुत सजग रहते हैं। मतदाता सूची को शुद्ध और अपडेट रखना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है और इसके लिए वह जरूरी कदम उठा सकता है। इसके लिए उसे रोका नहीं जा सकता। एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर कोई ठोस शिकायत अभी तक सामने नहीं आई है, इसलिए इसे रोकने का कोई आधार नहीं बनता। अगर कोई वास्तविक शिकायत या अनियमितता सामने आती है तो वह तुरंत हस्तक्षेप करेगा और सुधार के आदेश देगा। कोर्ट ने यह भी भरोसा दिलाया कि कोई भी पात्र मतदाता इस प्रक्रिया की वजह से अपने अधिकार से वंचित न हो, इसके लिए वह चौकस रहेगा। राजद सांसद मनोज झा ने अपनी याचिका में एसआईआर को लोगों को मताधिकार से वंचित करने की सुनियोजित कोशिश बताया था। कोर्ट ने हालांकि प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि अभी तक कोई ऐसा सबूत नहीं दिया गया है जिससे यह लगे कि यह प्रक्रिया व्यापक स्तर पर लोगों को नुकसान पहुंचा रही है। यह मामला अब आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर लिया गया है, लेकिन फिलहाल एसआईआर का काम पूरे देश में निर्बाध रूप से जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इसे रोकने से इनकार कर विपक्ष को तगड़ा झटका दिया है।



शिखर सम्मेलन

प्रभात कुमार रॉय


अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के विकट कूटनीतिक दबाव के बावजूद भारत द्वारा राष्ट्रपति पुतिन का खैरमकदम रेड कार्पेट बिछाकर किया गया है। यह साबित करता है कि भारत अपनी रणनीतिक खुदमुख्तारी पर अडिग है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस की संसद ड्यूमा द्वारा इंडिया रशिया रेसीप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट एग्रीमेंट को पारित कर दिया गया है। इस एग्रीमेंट के तहत दोनों देशों को एक-दूसरे के देश में अपनी सेनाओं को भेजने, इंडिया और रशिया के युद्धपोतों को एक-दूसरे देश के बंदरगाहों में प्रवेश करने, एयर स्पेस, और एयर फील्ड्स को इस्तेमाल करने की अनुमति प्रदान की गई है।


# पुतिन की भारत यात्रा के आयाम

भारत और रूस के वार्षिक शिखर सम्मेलन के अवसर पर राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की नई दिल्ली यात्रा से भारत और रूस के मध्य एक नए कूटनीतिक युग का सूत्रपात हो चुका है। अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के विकट कूटनीतिक दबाव के बावजूद भारत द्वारा राष्ट्रपति पुतिन का खैरमकदम रेड कार्पेट बिछाकर किया गया है। यह साबित करता है कि भारत अपनी रणनीतिक खुदमुख्तारी पर अडिग है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस की संसद ड्यूमा द्वारा इंडिया रशिया रेसीप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट एग्रीमेंट को पारित कर दिया गया है।

इस एग्रीमेंट के तहत दोनों देशों को एक-दूसरे के देश में अपनी सेनाओं को भेजने, इंडिया और रशिया के युद्धपोतों को एक-दूसरे देश के बंदरगाहों में प्रवेश करने, एयर स्पेस, और एयर फील्ड्स को इस्तेमाल करने की अनुमति प्रदान की गई है। विगत तीन वर्षों से अमेरिका और यूरोपियन यूनियन राष्ट्रपति पुतिन को वैश्विक मंचों से अगल-थलग करने के प्रयास में जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद से ही भारत वस्तुतः सोवियत रूस का एक अत्यंत निकट रणनीतिक साझीदार देश रहा। वर्ष 1991 में सोवियत रूस के राजनीतिक विघटन के तत्पश्चात भी भारत और रूस के मध्य स्थापित हुए ताल्लुकात में रणनीतिक निकटता और आर्थिक सहयोग बाकायदा बरकरार रहा। एक ऐसा ऐतिहासिक दौर भी था, जबकि विखंडित भारत से जन्म लिए मुल्क पाकिस्तान का अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों की शक्तियां प्रबल तौर से सैन्य समर्थन कर रही थी। अमेरिका के नेतृत्व में पाकिस्तान को सैन्य संगठन सेंट्रल मिलिट्री ट्रिटी ऑर्गनाइजेशन (सैंटो) का सक्रिय सदस्य बनाया गया था। तत्कालीन सोवियत रूस द्वारा कामरेड खुरुश्चोव के काल से ही भारत को प्रबल आर्थिक सहयोग और सैन्य समर्थन प्रदान किया गया।

पाकिस्तान और भारत के मध्य अक्तूबर 1947 से पाक आक्रमण से उपजे रक्तरंजीत कश्मीर विवाद पर संयुक्त राष्ट्र की सिक्योरिटी काउंसिल में भारत के समर्थन में रूस द्वारा छह दफा वीटो अंजाम दिया गया। आज के दौर में जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी तरह से कमर कसकर पाकिस्तान का पक्ष लेने और उसकी सक्रिय हिमायत करने में उतारू हो गए हैं और भारत के विरुद्ध अन्यायपूर्ण तौर पर टैरिफ आयद करने के निरंतर एक के बाद एक निर्णय ले रहे हैं। भारत के लिए संकटपूर्ण आर्थिक दौर में रूस के राष्ट्रपति पुतिन द्वारा भारत के समक्ष प्रबल रणनीतिक और आर्थिक सहयोग स्थापित करने की कूटनीतिक पेशकश की गई है। राष्ट्रपति पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पस्कोव ने बयान में कहा कि देखना है कि भारत और रूस के मध्य सहयोग को शिखर बिंदु पर ले जाए जाने की राष्ट्रपति पुतिन की पेशकश को भारत किस अंदाज से स्वीकार करता है। पेस्कोव ने आगे फरमाया कि भारत के साथ रूस अपना आर्थिक और रणनीतिक सहयोग कूटनीतिक सरहदों से कहीं अधिक ऊपर जाकर स्थापित करने के लिए तत्पर है। उन्होंने अपने कूटनीतिक अंदाज में कहा कि भारत जिस हद तक रूस के साथ सहयोग के लिए अपने कदमों को आगे बढ़ाएगा, निश्चित तौर पर रूस भी भारत के साथ उसी गति से अधिकाधिक सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार हो जाएगा। भारत की अपनी



यात्रा प्रारंभ करने से ठीक पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भी अपने बयान में कहा कि रूस की सरकार भारत के साथ अपने संबंधों को एक उच्च शिखर तक ले जाना चाहती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारणवश रूस अनेक वर्षों से अमेरिका और यूरोपियन यूनियन द्वारा आयद किए गए कड़े आर्थिक प्रतिबंधों का निरंतर सामना कर रहा है। इस कारण रूस की आर्थिक और सैन्य निर्भरता चीन के ऊपर बहुत अधिक बढ़ गई है।

चीन पर रूस की बढ़ती हुई निर्भरता को संतुलित करने की खातिर रूस के राष्ट्रपति पुतिन को भारत के रणनातिक और आर्थिक सहयोग की प्रबल आवश्यकता प्रतीत हो रही है। अतः राष्ट्रपति पुतिन भारत को चीन के समकक्ष रणनीति दर्जा प्रदान करने के लिए तैयार हो गए और चीन पर निरंतर बढ़ती हुई रूस की निर्भरता को भारत के साथ मिलकर संतुलित करने का जोरदार प्रयास कर रहे हैं। सर्वविदित है कि विश्व पटल पर शीत युद्ध का एक बार फिर से आगाज हो चुका है और दुनिया दो सैन्य गुटों में विभाजित होती हुई नजर आने लगी है। जहां एक तरफ अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य शक्तियां विद्यामान हैं, तो दूसरी तरफ रूस, चीन और ईरान आदि अनेक देशों का सैन्य गुट सन्नद है। आजादी के संपूर्ण दौर में भारत परंपरागत तौर पर नेहरू युग से ही एक गुटनिरपेक्ष देश रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौर में भी स्वतंत्र विदेश नीति पर बाकायदा गतिशील रहते हुए, भारत ने गुटनिरपेक्ष नीति का सदैव अनुसरण किया है। रूस का अत्यंत निकट रणनीतिक सहयोगी देश होते हुए भी रूस की खातिर, भारत द्वारा अमेरिका का कदाचित परित्याग नहीं किया गया। वर्ष 2001 में अमेरिका के न्यूयॉर्क ट्रेड सेंटर पर 9/11 के नृशंस जेहादी आक्रमण के पश्चात भारत और अमेरिका राजनीतिक और रणनीतिक रूप से निकट आ गए। वर्तमान काल में अघोषित शीत युद्ध के दौर में भारत अनेक विकट चुनौतियों से जूझ रहा है। खासतौर पर अमेरिका द्वारा पेश की गई टैरिफ आक्रमण की भीषण चुनौती से भारत का सामना है। वर्ष 1971 में बांग्लादेश युद्ध करते हुए भारत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में सोवियत रूस के साथ एक 20 वर्षीय सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किए थे, तब भी अपनी स्वतंत्र गुटनिरपेक्ष नीति पर भारत बाकायदा कायम बना रहा और अपने संबंधों को किसी भी तौर पर पाकिस्तान का सैन्य समर्थन करने वाले अमेरिका के साथ कदाचित शिथिल नहीं होने दिया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भयानक तौर पर किए जा रहे टैरिफ आक्रमणों के बावजूद भारत ने अभी तक अमेरिका के विरुद्ध कोई प्रतिशोधात्मक कार्यवाही नहीं की है। भारत द्वारा अमेरिका के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट अंजाम देने के प्रयास निरंतर जारी रखे गए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत की निर्भरता रक्षा क्षेत्र में रूस से निरंतर आयात की जाती रही सैनिक सैन्य सामग्री पर सदैव से रही है। भारत के रक्षा क्षेत्र में तकरीबन 70 फ़ीसदी आधुनिकतम हथियार रूस द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं।

इंडिया रशिया रेसीप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक नेटवर्क से जुड़कर भारत को बेहद फायदा होगा। भारत द्वारा विगत कुछ वर्षों से बहुत बड़े पैमाने पर रूस से कच्चे तेल का आयात किया जाता रहा है। रूस से कच्चा तेल आयात करने में फिलहाल 30 फीसदी की कटौती कर दी गई है। भारत और रूस के मध्य व्यापार संतुलन वस्तुतः रूस के पक्ष में कायम बना रहा है। राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान भारत और रूस के परस्पर व्यापार संतुलन पर भी एक समझौता अंजाम दिया गया है, ताकि व्यापार संतुलन को स्थिर करने के लिए भारत से रूस को इंजीनियरिंग सामान, फार्मास्यूटिकल, रसायन, कृषि सामान का निर्यात बढ़ाया जाएगा। इसके अतिरिक्त कपड़ा, परिधान, चमड़े के समान, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ भी भारत से बड़े पैमाने पर आयात किए जाएंगे।

नामकरण

प्रो. महेश चंद गुप्ता



# भारतीय संस्कृति में नाम बदलने के निहितार्थ

अक्सर कहा जाता है कि नाम में क्या रखा है? लेकिन भारतीय संस्कृति इस प्रश्न का सीधा उत्तर देती है कि नाम में ही सब कुछ रखा है। हमारे यहां 'यथा नाम तथा गुण' की परंपरा उतनी ही पुरानी है जितनी हमारी सभ्यता। जब हम 'राम' का नाम लेते हैं तो हमारे भीतर स्वतः शांति, करुणा और मर्यादा का भाव जाग उठता है। 'कृष्ण' का नाम लेते ही मन में प्रेम, और मधुरता की अनुभूति होती है। हमारी मान्यताओं के अनुसार नाम एक ध्वनि है, ऊर्जा है, पहचान है और दिशा है। इसीलिए हमारे समाज में नाम केवल किसी की पहचान ही नहीं है बल्कि यह व्यक्तित्व और नेतृत्व का वाहक है। मौजूदा दौर में जब दुनिया के अनेक देशों में मूल्यहीनता, आपसी संघर्षों, तानाशाही और सत्ता केंद्रित शासन का बोलबाला है, तब मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम 'सेवा तीर्थ', राजभवनों का नाम 'लोक भवन' और केंद्रीय सचिवालय का नाम 'कर्तव्य भवन' करके एक गहरी सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवित किया है। यह केवल बोर्ड बदलने अथवा दीवारों पर नई पट्टिका लगाने का कदम भर नहीं है, बल्कि इसके पीछे शासन की आत्मा बदलने वाले सांकेतिक, दार्शनिक और वैचारिक बदलाव की भावना निहित है। पीएम नरेंद्र मोदी बार-बार कहते रहे हैं कि वे प्रधान सेवक हैं और उनका कार्य सत्ता का प्रदर्शन नहीं बल्कि सेवा की साधना है। उनके इसी मनोभाव के अनुरूप प्रधानमंत्री कार्यालय को अब सेवा तीर्थ कहा जाएगा। हमारे यहां तीर्थ शब्द का बड़ा महत्व है। तीर्थ शब्द पवित्रता, तप, श्रद्धा और जन कल्याण के भाव को व्यक्त करता है। हम तीर्थ उन स्थानों को कहते हैं, जहां लोग समाधान, शांति और आशा की उम्मीद लेकर जाते हैं। मोदी सरकार ने पीएमओ को तीर्थ कहकर यह संदेश दिया है कि वहां सत्ता संचालन नहीं, सेवा का कार्य होगा। इसी प्रकार राज भवनों का नाम बदलकर लोक भवन करना एक क्रांतिकारी कदम है। 'राज' शब्द में हमेशा एक दूरी, एक अधिकार और सत्ता भाव का अहसास जनमानस को होता रहा है। 'लोक' शब्द में अपनापन, भागीदारी और साझेदारी का भाव समाया हुआ है। केंद्रीय सचिवालय का नाम कर्तव्य भवन रखने के पीछे नौकरशाही में सेवा भाव और कर्तव्य बोध का संचार करने का भाव निहित है। दशकों से इसे अधिकार, फाइलों की गति, निर्णयों की शक्ति और नौकरशाही की ताकत का प्रतीक माना जाता रहा है लेकिन अब जब इसका नाम कर्तव्य भवन कर दिया गया है तो अब प्रत्येक अधिकारी को हर घड़ी स्मरण रहेगा कि शासन का आधार अधिकार नहीं, कर्तव्य है। दो दिन पहले तक जब हम प्रधानमंत्री कार्यालय सुनते थे तो मन में एक विशाल, अधिकार प्रदर्शित करने वाली इमारत का भाव आता था लेकिन सेवा तीर्थ नाम सुनते ही मन में एक अलग ही पवित्रता, जनता से जुड़ाव और विनम्रता का भाव उमड़ने लगा है। यही इस नामकरण का वास्तविक निहितार्थ है। नाम हमेशा भाव जगाते हैं, भाव संस्कृति गढ़ते हैं और संस्कृति राष्ट्र का चरित्र तय करती है। मोदी सरकार ने सिर्फ नाम ही नहीं बदले हैं बल्कि संदेश दे दिया है कि अब सत्ता जनता के पास लौट रही है। राजभवन अब उस पुराने औपनिवेशिक प्रतीक जैसे नहीं रहेंगे जहां जनता दूर खड़ी ताकती रहे। मेरे विचार में भविष्य में यह भी संभव है कि प्रधानमंत्री कार्यालय और राजभवनों तक जनता की सहज पहुंच और बढ़े क्योंकि मोदी सरकार का संकल्प ही जनता का शासन, जनता के लिए शासन और जनता के बीच रहकर शासन है। मोदी सरकार और जनता के बीच कोई दूरी नहीं चाहते हैं। देश में यह पहला अवसर है जब कोई सरकार हर मोर्चे पर कर्तव्य-पथ, अमृत काल और सेवा जैसे शब्दों को अपने कामकाज की आधारशिला बनाकर काम कर रही है। ऐसे में अब कर्तव्य भवन केवल नाम नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय मनोवृत्ति का निर्माण करने वाला है। यह नाम एक ऐसी भावना को बढ़ाएगा जो नौकरशाही को अधिक उत्तरदायी, संवेदनशील और नैतिक बनाएगी। यह नामकरण भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का महत्वपूर्ण अध्याय है। हम सब जानते हैं कि मोदी सरकार ने पहले भी कई औपनिवेशिक, विदेशी आक्रांताओं के नाम वाले और अप्रासंगिक नामों को बदलकर भारतीयता से जुड़े नाम स्थापित किए हैं।

# जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित

दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।

# झूठे आरोप का सामना धैर्य के साथ करें



संकलित

प्रेरणा

महाभारत की कथा है। उस समय द्वारका में सत्राजित नाम का व्यक्ति था, वह सूर्य भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उसे स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। इस मणि की खास बात ये थी कि ये हर रोज बीस तोला सोना देती थी। मणि की वजह से सत्राजित बहुत धनवान हो गया था। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में दे देंगे तो राज व्यवस्था के लिए हमें भी थोड़ा धन मिल जाएगा। श्रीकृष्ण की बात सुनकर सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया। सत्राजित की ना सुनकर श्रीकृष्ण वहां से अपने महल लौट आए। सत्राजित का एक भाई था प्रसेनजित। प्रसेनजित ने अपने भाई को बिना बताए उसकी स्यमंतक मणि ले ली और जंगल में शिकार खेलने चला गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। प्रसेनजित के पास से स्यमंतक मणि वही गिर गई। इधर सत्राजित को अपना भाई और मणि दिखाई नहीं दी तो उसने पूरी द्वारका में ये खबर फैला दी कि कृष्ण ने मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई प्रसेनजित की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि इस कलंक को मिटाना होगा। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पंजों के निशान दिखाई दिए। श्रीकृष्ण मणि खोजने लगे। वहीं पास में एक गुफा के बाहर कुछ बच्चे मणि से खेल रहे थे, श्रीकृष्ण ने मणि देख ली। उस गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण गुफा में पहुंचे। गुफा में श्रीकृष्ण और जामवंत का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीते तो जामवंत ने अपनी पुत्री जामवती का विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया और स्यमंतक मणि भी दे दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जैविक खेती को बढ़ावा मिले

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने भी लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों पर उनका विपरीत असर भी पड़ता है। फल-सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। इसलिए जैविक खेती को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत है।

*- हरीश यादव, भाटापारा*

## ट्रेंड

### स्वराज कौशल को श्रद्धांजलि



स्वराज कौशल के निधन से बहुत दुःख हुआ। वे भारत के सबसे युवा राज्यपाल बने और अपने कार्यकाल के दौरान मिजोरम के लोगों पर अमिट छाप छोड़ी। सांसद के रूप में उनकी अंतर्दृष्टि भी उल्लेखनीय थी। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### नया मिस्ट स्प्रे सिस्टम



आईटीओ पर नया मिस्ट स्प्रे सिस्टम। हेवी ट्रैफिक वाले इस हाई-इंटेंसिटी जोन में धूल कणों को नियंत्रित कर वायु गुणवत्ता सुधारने में अहम भूमिका निभाएगा। इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर निगरानी तंत्र तक, नियमों की सख्ती से लेकर तकनीक के विस्तार तक, हर मोर्चे पर हम मिशन मोड में काम कर रहे हैं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### रुपए की कीमत गिरी



रुपया आज 90 पार कर चुका है। सरकार चाहे कोई भी ढिंढोरा पीटे, रुपए की कीमत गिरने से ये पता चलता है कि देश की असली आर्थिक परिस्थिति क्या है। अगर मोदी सरकार की नीति ठीक होती तो रुपया नही गिरता ! देश आप से जवाब मांग रहा है।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

### आंध्र प्रदेश में करेंगे निर्माण



हम पूरे आंध्र प्रदेश में बंदरगाहों, हरित ऊर्जा, एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स विश्वविद्यालय और विश्वस्तरीय शहर अमरावती के निर्माण सहित अपने विस्तार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

- गौतम अदाणी, उद्यमी

## करंट अफेयर

# कुछ लोग घोर प्रतिस्पर्धी व कुछ काफी शांत क्यों होते हैं


यदि आप कभी अंडर-12 टीम का खेल देखने मैदान के किनारे बैठे हों, तो आपको पता होगा कि कुछ बच्चे बेहद प्रतिस्पर्धी होते हैं, जबकि अन्य केवल सामाजिक मेलजोल के लिए वहां होते हैं। कार्यस्थल पर दो सहकर्मी एक ही जैसे कार्य पर अलग-अलग प्रतिक्रिया दे सकते हैं, जहां एक खुद को साबित करने के लिए बहुत अधिक प्रयास करेगा, जबकि दूसरा इसे ज्यादा गंभीरता से नहीं लेगा। और हम सब जानते हैं कि पारिवारिक माहौल में क्या होता है। यह इस बात की याद दिलाता है कि प्रतिस्पर्धा सबसे करीबी रिश्तों की भी परीक्षा ले सकती है। कम या ज्यादा प्रतिस्पर्धी होने के अपने फायदे और नुकसान हैं, और ये पूरी तरह से संदर्भ पर निर्भर करते हैं।



## ऑफ बीट

# नाइजीरियाई लोगों पर वीजा प्रतिबंध लगाएगा अमेरिका

अमेरिका ने घोषणा की है कि वह नाइजीरिया में ईसाइयों के खिलाफ सामूहिक हत्याओं और हिंसा में शामिल इस पश्चिम अफ्रीकी देश के नागरिकों और उनके परिवारों के सदस्यों पर वीजा प्रतिबंध लगाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई पश्चिम अफ्रीकी देश में लंबे समय से जारी जटिल सुरक्षा संकट का हिस्सा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में नाइजीरिया में 'चरमपंथी इस्लामवादियों' द्वारा 'ईसाइयों की हत्या' का जिक्र किया था।



## संक्षेप

### मजदूर युवती से छेड़छाड़ का आरोप

**पुलिस में शिकायत दर्ज, गहने छीनने का आरोप; पुलिस ने मामला संदिग्ध बताया**

सुलतानपुर, करौदीकला स्थित एक भट्टे पर एक मजदूर युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। युवती ने दो युवकों पर छेड़छाड़ करने और गहने छीनने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अपनी शिकायत में युवती ने बताया कि वह भट्टे पर नहा रही थी, तभी दो लड़के आए और उसे पकड़कर मुंह दबाने लगे। युवती के चिल्लाने पर आरोपियों ने उसके गले से लॉकेट और कान-नाक की बालियां छीन लीं। पीड़िता के अनुसार, आरोपी कटघर क्षेत्र के निवासी हैं। युवती के भाई ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब तीन बजे हुई, जब दो लड़कियां टंकी पर नहाने गई थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के ही लड़कों ने इस वारदात को अंजाम दिया। लड़की के चिल्लाने पर उन्हें घटना का पता चला। पुलिस को दी गई तहरीर में यह भी कहा गया है कि आरोपियों ने जाते समय जान से मारने की धमकी दी और शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी।

### कलेक्ट्रेट जनता दरबार में महिला फरियादी बेहोश

**थोड़ी देर में आया होश, बेटे का नाम निकलवाने के लिए लगा रही चक्कर**

सुलतानपुर, कलेक्ट्रेट में जनता दरबार के दौरान एक फरियादी महिला बेहोश हो गईं। उन्हें तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के लिए एसडीएम सदर बिपिन द्विवेदी ने सीएमओ डॉक्टर भरत भूषण से बात कर एम्बुलेंस की व्यवस्था के लिए कहा। लेकिन तब तक महिला को होश आ गया। महिला अपने बेटे के साथ जनता दरबार में एक पुराने मामले की शिकायत लेकर पहुंची थीं। यह मामला जमीन विवाद और उनके बेटे पर दर्ज कराए गए कथित फर्जी मुकदमे से जुड़ा है। घटना 5 अक्टूबर की बताई जा रही है। महिला के परिवार के सदस्य फतेह बहादुर वर्मा के अनुसार, 5 अक्टूबर को पड़ोसियों द्वारा दीवार बनाने का विरोध करने पर विवाद हुआ था।

### किसान यूनियन का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा सात सूत्रीय मांग पत्र, बिजली कटौती का मुद्दा उठाया**

सुलतानपुर, भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) ने सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। संगठन ने तिकोनिया पार्क में एकत्र होकर सिटी मजिस्ट्रेट को जिलाधिकारी के नाम एक सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में बिजली की अत्यधिक कटौती रोकने और आपूर्ति को पहले जैसा करने की मांग की गई है। किसानों ने डीएपी खाद की कमी और महंगे दामों पर घटिया खाद खरीदने की मजबूरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने घटिया खाद की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की अपील की। संगठन ने आरोप लगाया कि प्रत्येक ब्लॉक की सरकारी गोदामों में बीज निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बेचे जा रहे हैं। इसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई। इसके अतिरिक्त, नहरों में अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने।

# कृषि विज्ञान केंद्र पर विश्व मृदा दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच। विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच- प्रथम पर विश्व मृदा दिवस का कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बृजेश चंद्रा अपर कृषि निदेशक कृषि भवन लखनऊ, उत्तर प्रदेश तथा विशिष्ठ अतिथि विनय वर्मा उप कृषि निदेशक बहराइच उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सीपीएन. गौतम ने की। मुख्य अतिथि ब्रजेश चंद्रा ने बताया कि मृदा कृषि की आत्मा है इसके संरक्षण और उर्वरता को बनाए रखना किसान और समाज दोनों की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी बताया कि मृदा प्रकृति की अनमोल धरोहर है। इसकी उर्वरता बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रमके विशिष्ठ अतिथि




श्री विनय कुमार वर्मा ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जैविक खेती और फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। केंद्र के सस्य वैज्ञानिक डॉ. शैलेंद्र सिंह ने टिकाऊ खेती व उर्वरकों, पोषक तत्व प्रबंधन पर वैज्ञानिक पद्धतियों पर किसानों को व्यावहारिक जानकारी दी। केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. नंदन सिंह ने मृदा परीक्षण की आवश्यकता और प्रक्रिया समझाते हुए कहा कि मृदा परीक्षण ही संतुलित उर्वरक उपयोग का आधार है, जिससे लागत कम और उत्पादन अधिक होता है। वैज्ञानिक कृषि प्रसार डॉ. अरुण राजभर ने हरी खाद और जैविक पदार्थों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को बताया कि हरी खाद मृदा में कार्बन बढ़ाकर उसकी संरचना, नमी और उर्वरता को सुधारती है। इसी क्रम में वैज्ञानिक बीज एवं प्रौद्योगिकी डॉ. प्रियंका सिंह ने किसानों को मृदा और बीज के परस्पर संबंध के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तम बीज तभी अपनी पूर्ण क्षमता देता है जब मृदा स्वस्थ हो। कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव, अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक सुधाकर शुक्ला समेत जिले के प्रगतिशील कृषक सियाराम, जीवनलाल, लालता प्रसाद गुप्ता, दिनेश मौर्य, जियाउल्हक, सियाराम, महादेवी, राम बिलास, राजकुमार समेत 250 से अधिक किसानों में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सीपीएन. गौतम ने सभी अतिथियों और किसानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मृदा का संरक्षण ही कृषि का भविष्य सुरक्षित करेगा। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक कृषि प्रसार डॉ. अरुण राजभर ने किया।

# जन औषधि केन्द्र की तर्ज पर ब्लाकों में खुलेंगे पशु औषधि केन्द्र

## जनपद के पशुपालकों को मिलेंगी सस्ती दवाएं

**ब्लाक स्तर पर प्रक्रिया शुरू, मांगे गए आवेदन**

**अमन लेखनी समाचार**

**संतोष मिश्रा**

ब्हराइच। कृषकों की आय को दोगुना करना केन्द्र व प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल है। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए भारत सरकार द्वारा जन औषधि केंद्र की तर्ज पर ब्लाक स्तर पर पशु औषधि केंद्र खोलने का निर्णय लिया गया है। योजना का मुख्य उद्देश्य है कि पशुपालकों को कम कीमत में उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध हो सकें। देखने में आता है अब तक पशु दवाओं का एक बड़ा हिस्सा निजी बाजारों पर निर्भर है। खुले बाजार से दवाओं की खरीद करने पर पशुपालकों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है। जिससे तमाम लोग इस खर्च नहीं उठा पाते हैं। पशु औषधि केन्द्र योजना के धरातल पर क्रियान्वित होने से न केवल उपचार लागत घटेगी। बल्कि पशुधन संरक्षण व डेयरी क्षेत्र को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा भी मिलेगा। सरकार का यह निर्णय श्वेत क्रान्ति की दिशा में गेम चेन्जर साबित होगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय ने बताया कि योजना हेतु केन्द्रीय स्तर से पोर्टल पशुऔषधि डाट डीएएचडी डाट जीओवी डाट इन शुरू किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी जिनके पास कम से कम 120 वर्ग फीट स्थान उपलब्ध है, फार्मासिस्ट पंजीकरण प्रमाणपत्र, ड्रग लाइसेंस के साथ आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन का शुल्क रू. 5000 निर्धारित है। आवेदन पत्रों की की जांच के साथ उचित स्थान व निरीक्षण की प्रक्रिया विभागीय अधिकारियों द्वारा की जायेगी। सीवीओ डॉ. उपाध्याय ने बताया कि पशु औषधि केंद्र खुलने के बाद पशुपालकों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां पर पशुओं के लिए एंटीबायोटिक, विटामिन, हार्मोनल इंजेक्शन, प्राथमिक उपचार किट व पशु टीकाकरण से संबंधित दवाएं सस्ती कीमत पर मिल सकेंगी। सीवीओ ने कहा कि बहराइच जैसे कृषि प्रधान व आकांक्षी जनपद के लिए यह योजना मील का पत्थर साबित होगी यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बड़ा परिवर्तन लाने वाला कदम साबित होगी।

# चीनी मिल प्रशासन के विरुद्ध किसानों का हल्लाबोल

**ट्रकों को रोककर किया प्रदर्शन**

**शिवपुर, बहराइच। किसानों ने नानपारा चीनी मिल प्रशासन के विरुद्ध किया प्रदर्शन।**

**सीसीओ को सौंपा 6 सूत्रीय जिलाधिकारी का नाम ज्ञापन।**

**अमन लेखनी समाचार**

जनपद बहराइच के नानपारा स्थित श्रावस्ती सहकारी किसान चीनी मिल प्रशासन के विरुद्ध आज रविवार को रामपुर धोबिया के किसानों ने जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया है। किसानों ने इस क्षेत्र के अन्य तौल केंद्रों की गन्ना लदी ट्रकों को सड़क पर रोककर अपनी मांग रखी है। किसानों ने उग्र रूप अख्तियार करते हुए रामपुर धोबिया चौराहे को जाम कर दिया जिससे वाहनों का आवागमन बाधित रहा। सूचना पर मिल प्रशासन की ओर से पंहुचे सीसीओ ने किसानों की मांग पूरी करने का आश्वासन दिया तब जाकर स्थिति बहाल हुई। किसानों ने जिलाधिकारी बहराइच के नाम सम्बोधित छह सूत्रीय ज्ञापन सीसीओ को सौंपते हुए बताया कि रामपुर धोबिया हार तौल केंद्र पर दूसरे तौल केंद्रों के समकक्ष इंडेंट को बढ़ाया जाए। तौल केंद्र रामपुर पर किसानों का



खड़ा गन्ना सूख रहा है अतएव पर्याप्त ट्रकों कि व्यवस्था करवाई जाए। सौ रुपए प्रति ट्राली कि अवैध वसूली बंद कराई जाये आदि। प्रदर्शन में शशिकांत चौधरी, हरीश वर्मा, गिरधारी लाल, मनोज, अजय, आलोक, रामसमुझ आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# मानव वन्य जीव संघर्ष रोकने के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

## कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब ने चलाया जागरूकता अभियान

**अमन लेखनी समाचार**

**मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा**

मोतीपुर, बहराइच। रविवार कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब की ओर से कतर्नियाघाट की ककरहा रेंज के हसुलिया वन बैरियर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जंगल के आसपास रहने वाले ग्रामीणों को मानव वन्य जीव संघर्ष की रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया। कार्यशाला में जंगल के आसपास रहने वाले ग्रामीणों को क्लब अध्यक्ष बीडी लखमानी ने बताया कि कतर्नियाघाट में तेंदुओं द्वारा ग्रामीणों पर हमले की घटनाएं बहुत होती हैं। ग्रामीण जागरूक हों तो इन घटनाओं को कम किया जा सकता है। इसके लिए ग्रामीण लकड़ी बटोरने, मवेशी



चराने एवं शौच के लिए जंगल के भीतरी भागों में न जाएं। गन्ने के खेतों की ओर अकेले न जाकर समूह में शोर मचाते हुए ताली बजाते हुए जाएं और बच्चों को गन्ने के खेतों की ओर कदापि न जाने दें। सुबह और शाम को कहीं जाना हो तो अपने पास टॉर्च एवं डंडा अवश्य रखें, रात के समय अपने घर के आसपास रोशनी अवश्य रखें और झाड़ियां साफ करते रहें जिससे कि तेंदुओं को छिपकर घात लगाने का मौका न मिले। रात को खुले में न सोएं और न ही बच्चों को सोने दें। रात में वन्य जीव की आहट लगे तो उसको घेरने एवं उससे भिड़ने का प्रयास न करें बल्कि गोला पटाखा दगाकर उसे जंगल की ओर भगाने का प्रयास करें और वन विभाग के कर्मचारियों को इसकी सूचना दें। कार्यशाला में ग्रामीणों को जागरूकता पम्पलेट और बिस्कुट के पैकेट भी वितरित किए गए। इस अवसर पर क्लब के मो आसिफ, हर्षिता लखमानी, रिंकी पांडे, वनकर्मी व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# कैसरगंजः घर से 4 माह के बच्चे को उठा ले गया भेड़िया

**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज इलाके के गोड़हिया नंबर 3 मल्लाहन पुरवा में शनिवार देर रात एक भेड़िया घर के अंदर से चार महीने के बच्चे को उठा ले गया। घटना रात करीब 12:30 बजे की है, जब बच्चा अपनी मां के साथ सो रहा था। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। बच्चे की पहचान सुभाष पुत्र संतोष के रूप में हुई है। उसकी मां का नाम किरण है। बच्चे के पिता संतोष लखनऊ में काम करते थे और घटना की सूचना मिलते ही घर लौट आए हैं। बताया जा रहा है कि संतोष और किरण की शादी को दो साल हुए थे और सुभाष उनका इकलौता बच्चा था। घटना के बाद से बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला है। मां किरण का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार और ग्रामीण बच्चे की तलाश में जुटे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में भेड़ियों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। वे इस बात को लेकर चिंतित हैं कि आखिर यह आतंक कब खत्म होगा और कितने बच्चों को अपनी जान गंवानी



पड़ेगी। स्थानीय प्रशासन से इस समस्या पर तत्काल ध्यान देने की मांग की जा रही है।

# लापता युवक का शव कुएं में मिला

## अमेठी में दो दिन बाद मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी जिला, मुंशीगंज थाना क्षेत्र में लापता 32 वर्षीय युवक विपिन पांडेय का शव गांव के पास एक कुएं से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। विपिन पांडेय शाम करीब पांच बजे अपने घर पूरे सूर्यबली तिवारी का पुरवा मजरे पूरब गांव से निकला था। परिवारजनों के अनुसार, उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। पिता कपिल देव पांडेय ने चौकी शाहगढ़ में उसकी गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई थी। गुमशुदगी की सूचना के बाद से परिजन, रिश्तेदार और ग्रामीण लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। दो दिन की खोजबीन के बाद लगभग दस बजे ग्रामीणों को गांव के पास स्थित एक कुएं में शव दिखाई




दिया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। शव की पहचान लापता विपिन पांडेय के रूप में हुई, जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मुंशीगंज पुलिस को घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। विपिन की मौत से परिवार गहरे सदमे में है। उसकी मां गीता, पिता कपिल देव पांडेय, बहनें नीतू, लवली और रीतू तथा पत्नी गुंजन का रो-रोकर बुरा हाल है। विपिन के दो छोटे बच्चे, छह वर्षीय विराट और चार वर्षीय विधि हैं।

# खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराया बाइक सवार युवक हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार रात एक सड़क हादसे में राजमिस्त्री की मौत हो गई। यह दुर्घटना दरोगाबाग मोहल्ला स्थित चांदमारी बट के पास हुई, जहां एक खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक टकरा गई। मृतक मजदूरी का काम खत्म कर घर लौट रहा था। जानकारी के अनुसार, सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंधूपुर गांव निवासी 45 वर्षीय हरी शंकर पुत्र शिवराम पेशे से राजमिस्त्री थे। शनिवार को वे दरोगाबाग क्षेत्र में एक मकान का निर्माण कार्य पूरा कर अपनी बाइक से गांव लौट रहे थे। चांदमारी बट के पास सड़क किनारे खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली का अनुमान न लगा पाने के कारण उनकी बाइक पीछे से ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि हरी शंकर सिर के बल सड़क पर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के तुरंत बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने हरी शंकर के मोबाइल से उनके दामाद पंकज को सूचना दी। पंकज मौके पर पहुंचे और घायल हरी शंकर को जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद हरी शंकर को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के भाई रमेश ने बताया कि हरी शंकर अपने पीछे तीन बेटे ओम प्रकाश, अंदत और चंदन को छोड़ गए हैं। वे परिवार के मुख्य कमाऊ सदस्य थे और घर की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर थी। इस दुर्घटना से परिवार को गहरा आर्थिक और मानसिक आघात लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे बिना किसी संकेतक या रिफ्लेक्टर के वाहन खड़े करना गंभीर हादसों का कारण बनता है। चांदमारी बट के पास पहले भी ऐसे कई हादसे हो चुके हैं। उन्होंने प्रशासन से सड़क किनारे खड़ी ट्रॉलियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उधर, पुलिस घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। थाना कोतवाली पुलिस चालक की तलाश में जुटी हुई है और मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# धनुष यज्ञ मेले मे मिशन शक्ति टीम ने किया व्यापक प्रचार

**अमन लेखनी समाचार**



बाबागंज, बहराइच। मिशन शक्ति फेज पांच के तहत थाना रूपईडीहा की मिशन शक्ति टीम ने बाबागंज मेला थाना क्षेत्र रूपईडीहा में महिलाओं एवं बच्चों को उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गये आदेशो-निर्देशों के क्रम मे तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकरी योजनाओं के बारे मे बालिकाओं से उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। बच्चियों को महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090,1098,107,112 ,181,108 आदि व साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई तथा महत्वपूर्ण सरकारी योजनाएं कन्या सुमंगला योजना, मातृ वंदना योजना, मानव तस्करी, बाल विवाह के खिलाफ शपथ व बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ करते हुए जानकारी दी गयी तथा पंपलेट चस्पा किया गया। व बहु बेटी सम्मेलन किया गया। तत्पश्चात उपस्थिति महिलाओ से उनकी समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर उपनिरीक्षक सूर्यभान आरक्षी अर्जुन मौर्यम0का0 प्रिया पांडेय आदि मौजूद रहे।

# नकौड़ी शाहपुर में ब्रह्मचारी बाबा स्थान पर नवदिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ

## कलश यात्रा से हुई शुरूआत, द्वितीय दिन हुआ शिव-विवाह कार्यक्रम, झांकियों ने मोहा मन

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। नकौड़ी शाहपुर स्थित ब्रह्मचारी बाबा स्थान परिसर में इस वर्ष नवदिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन शुरू हो गया है। शुक्रवार से आरंभ हुई यह पावन कथा नौ दिनों तक निरंतर चलेगी और अंतिम दिन हवन-पूजन व विशाल भंडारे के साथ इसका विधिवत समापन होगा। कथा के शुभारंभ के अवसर पर शुक्रवार की सुबह परंपरागत कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं और श्रद्धालुओं ने अत्यंत उत्साह के साथ सहभागिता दर्ज कराई। महिलाएँ पारंपरिक परिधानों में कलश लेकर कथा स्थल से गुलहरिया स्थित सरयू नदी तट तक पहुँचीं, जहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल-पूजन किया गया। इसके बाद सरयू जल भरकर कलश यात्रा पुनः कथा स्थल वापस लौटी। यात्रा मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धापूर्वक स्वागत किया और जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

पहले दिन की कलश यात्रा के बाद दूसरे दिन शिव-विवाह का पावन प्रसंग आयोजित किया गया। अधव धाम के आचार्य मार्कण्डे जी महाराज ने पार्वती जी के तप, हिमालय दरबार, शिव बारात, देवताओं की उपस्थिति और शिव-पार्वती विवाह का दिव्य वर्णन अत्यंत भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया। उनके प्रवचन के दौरान भक्तों की आंखें कई बार नम हो गईं और पूरा पंडाल ह्लजय भोलेनाथह्व, ह्लहर हर महादेवह्व के जयघोष से गूंजता रहा। शिव-विवाह से संबंधित आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन पूरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बना रहा। शिव बारात, देवगणों की उल्लासभरी झांकी, पार्वती जी का श्रृंगार, हिमालय-मैना के कन्यादान जैसी झांकियों को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी इन झांकियों को देखकर अभिभूत हो उठे।

कथा स्थल पर प्रतिदिन शाम को आचार्य मार्कण्डे जी महाराज द्वारा श्रीराम कथा का प्रवचन हो रहा है, जिसमें राम जन्म से लेकर वनगमन, रावण-वध, हनुमान लीला, राम राज्य जैसे प्रसंगों का दिव्य वर्णन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं ने बताया कि आचार्य श्री की वाणी अत्यंत प्रभावशाली है और कथा सुनते ही मन-प्राण भक्ति रस में डूब जाता है। भक्तों ने यह भी कहा कि उनके प्रवचनों से वातावरण में एक सकारात्मक ऊर्जा फैलती है, जिससे मन को शांति और आध्यात्मिक अनुभूति मिलती है।

कथा स्थल को भव्य और आकर्षक ढंग से सजाया गया है। प्रकाश-सज्जा, फूल-मालाएं, रंगीन झालरें और मंच की अलंकृत प्रस्तुति पूरे परिसर को उत्सवमय बना रही हैं। आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था अयोध्या के शिवम् दास जी महाराज के दिशा-निर्देशन में की गई है। प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन, नृत्य-नाटिका और भक्तिमय प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की जा रही हैं, जिनमें स्थानीय कलाकारों सहित बाहरी कलाकार भी सहभागिता कर रहे हैं। कथा स्थल पर व्यवस्था संभालने के लिए स्वयंसेवकों की विशेष टीमें नियुक्त की गई हैं, जो प्रतिदिन आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रख रही हैं।

नकौड़ी शाहपुर और आसपास के क्षेत्रों में इस आयोजन को लेकर अत्यधिक उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों बाद ऐसा धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल देखने को मिल रहा है, जिससे पूरा क्षेत्र दिव्यता और उत्साह से भरा दिखाई दे रहा है। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे आने वाले दिनों में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर श्रीराम कथा, प्रवचनों और झांकियों का लाभ उठाएं तथा इस भव्य आयोजन को सफल बनाएं।

# मटेरा मंडल में हुई शक्ति केंद्र की बैठक



**अमन लेखनी समाचार**

रिसिया, मटेरा। मण्डल मटेरा के शक्ति केन्द्र गोकुलपुर के बूथ संख्या,128,129,130,175,176,177,178, के बूथ अध्यक्ष गण व बीएलए 2 बीएलओ के साथ बैठक कर गहन मतदाता पुनर्निरीक्षण अभियान पर चर्चा कर योजना रचना बनाई गई तथा मतदाताओं से मिलकर अधिक से अधिक गणना फार्म जमा करने की अपील किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष कुश शुक्ला ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा के बीएलए 1 हरिश्चन्द्र गुप्ता, मिनिट्रिग टीम के अभय राज सिंह व शक्ति केन्द्र संयोजक पंचराम वर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष कैलाश नाथ शुक्ला, जिला मंत्री किसान मोर्चा हरिश्चंद्र जायसवाल, शैलेन्द्र कुमार यादव, बीएलओ 2 व समस्त बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### नवविवाहिता की मौत मामले में सास गिरफ्तार

**प्रताड़ित होने पर तेजाब पीकर की थी आत्महत्या, ससुराल वाले करते थे दहेज की मांग**

गाजियाबाद, लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना के एक मामले में पुलिस ने नवविवाहिता की सास को गिरफ्तार किया है। यह मामला 26 वर्षीय पूजा की संदिग्ध परिस्थितियों में तेजाब पीने से हुई मौत से संबंधित है। पूजा के पिता ने 3 जून 2025 को लोनी बॉर्डर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी पूजा की शादी करीब तीन साल पहले त्रिलोकीनाथ से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। इसी प्रताड़ना से तंग आकर पूजा ने तेजाब पी लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। इस मामले में पुलिस ने पहले ही 7 जून को मृतका के पति त्रिलोकीनाथ और जेठ रविंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस टीम ने अब 65 वर्षीय प्रेमवती, जो मृतका की सास हैं, को भी गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान प्रेमवती ने स्वीकार किया कि वह पूजा पर अतिरिक्त दहेज लाने का दबाव बनाती थी। इसी दबाव और प्रताड़ना के कारण पूजा ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। आरोपी महिला प्रेमवती के खिलाफ इसी घटना से संबंधित एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस उसके अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अजय राय ने बीएलओ मोहित चौधरी से की मुलाकात

**तनाव के कारण जहर खाया था, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मदद का दिया भरोसा**

मेरठ, एसआईआर (स्पेशल समरी रिवीजन) ड्यूटी के तनाव में जहर खाने वाले बीएलओ मोहित चौधरी से कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुलाकात की। मोहित चौधरी लोकप्रिय अस्पताल में भर्ती हैं, जहां अजय राय ने उनका हालचाल जाना और परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया भावनपुर थाना क्षेत्र के मुरलीपुर गांव निवासी मोहित चौधरी सिंचाई विभाग में वरिष्ठ सहायक हैं। उन्हें पल्लवपुरम क्षेत्र के डोरली गांव में बीएलओ की जिम्मेदारी भी दी गई है। उनकी पत्नी ज्योति ने बताया कि जहर खाने से करीब 30 मिनट पहले मोहित ने उन्हें फोन किया था। ज्योति के अनुसार, मोहित ने सुपरवाइजर पर बार-बार फोन कर परेशान करने और सस्पेंड कराने की धमकी देने का आरोप लगाया था। गनीमत रही कि समय रहते उपचार मिलने से मोहित की जान बच गई और अब उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। मुलाकात के बाद अजय राय ने बताया कि मोहित चौधरी की सेहत में काफी सुधार है। उन्होंने कहा, दबाव में आकर जो निर्णय लिया गया था, वह दुखद है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे जल्द स्वस्थ होकर अपने घर लौटें और अपनी ड्यूटी पूरी मजबूती से करें। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव ड्यूटी में लगे सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे ऐसा कोई कदम न उठाएं जिससे उनके परिवार और बच्चों पर बुरा असर पड़े।

# एसटीएफ का फर्जी नोटिस भेजकर 15 लाख की वसूली

## प्रयागराज में घर में घुसकर महिला को एनकाउंटर के लिए धमकाया, एफआईआर

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज, बमरौली में फर्जी एसटीएफ नोटिस भेजकर 15 लाख रुपये की अवैध वसूली का मामला सामने आया है। आरोप है कि डराने-धमकाने, घर में घुसकर पीड़िता को घायल करने और मोबाइल कब्जे में लेकर एसटीएफ के नाम से एनकाउंटर करने की भी धमकी दी गई। पीड़ित मो. मिया उर्फ शेरू ने थाने में सुनवाई नहीं होने पर कोर्ट में गुहार लगाई और अब कोर्ट के आदेश पर इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। शिकायत में विपक्षी महिला लूसी सिद्दीकी तथा उसके पति जफर नईम पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पीड़ित ने बताया कि 19 जून को उसके मोबाइल नंबर पर अज्ञात नंबर से व्हाट्सऐप पर एक नोटिस भेजा गया, जिसमें उसे, सुफियान अहमद और अलकमा बानो को एसटीएफ द्वारा मुलजिम बताया गया था। यह संदेश देखकर प्रार्थी घबरा गया। जांच की कोशिश के दौरान उसकी रिश्तेदार लूसी सिद्दीकी ने उसे अपने घर बुलाकर समझाने के नाम पर गुमराह किया और डराकर घर में रोक लिया।

लूसी सिद्दीकी और उसके पति जफर नईम ने प्रार्थी व रिश्तेदारों को यह कहकर किसी से बातचीत करने से रोका कि ज्यादा हिलने-डुलने पर उन्हें अतीक के साथी बताते हुए एसटीएफ द्वारा एनकाउंटर करा दिया जाएगा और घर भी गिरवा दिया जाएगा। इससे प्रार्थी और उसका पूरा परिवार दहशत में आ गया। विपक्षी दंपती ने नाम नोटिस से हटवाने के बदले 25 लाख रुपये की मांग की। डर से प्रार्थी और उसके रिश्तेदारों ने जगह-जगह से पैसे का इंतजाम किया। मौमूना बेगम ने दो लाख, लुकमान अहमद ने तीन लाख (चेक 845901 से), निक्केउद्दीन ने दो लाख, शाहजहां ने दो लाख, शबनम ने एक लाख दिए। पहले दस लाख दिए गए, बाद में पांच लाख और जुटाकर कुल 15 लाख रुपये विपक्षियों को दे दिए गए। राशि लेने के बाद विपक्षियों ने कहा कि अब नाम नोटिस से कट जाएगा।

# पेट्रोल पंप के नाम पर 6.39 लाख ठगे

**प्रयागराज में युवक को ऑनलाइन ठगों ने दिया झांसा, अलग-अलग खातों में जमा कराई रकम**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, धूमनगंज में राम भरोस राम नाम के व्यक्ति को पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर 6.39 लाख रुपए का चूना लगा दिया गया। ऑनलाइन ठगों ने पेट्रोल पंप एलॉटमेंट का झांसा देकर उनसे अलग-अलग बार में खातों से रुपए ट्रांसफर करा लिए। बाद में नंबर भी स्विच ऑफ कर दिया। एक सितम्बर 2025 को द टाइम्स ऑफ इंडिया की एक खबर देखकर किसान सेवा केंद्र (डरङ) पेट्रोल पम्प के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदन के 24 घंटे बाद उन्हें कॉल आया और कहा गया कि उनके नाम से पेट्रोल पम्प स्वीकृत हो गया है। कॉल करने वालों ने दस्तावेज ऑनलाइन भेजने को कहा और विभिन्न चरणों की फीस, वेरिफिकेशन, लाइसेंस और एनओसी के नाम पर रकम जमा कराई। पीड़ित ने भरोसा कर अलग-अलग तिथियों में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एक खाते में कुल 6,39,890 रुपए ट्रांसफर किए। पीड़ित ने बताया कि जिन मोबाइल नंबरों से उनसे संपर्क किया जाता था, अब वे सभी स्विच ऑफ आ रहे हैं। पैसे लेने के बाद आरोपियों ने मिलने से भी बचना शुरू कर दिया।

तब पीड़ित को समझ आया कि वह ठगी का शिकार हो चुका है। ठगे जाने का एहसास होने पर उसने धूमनगंज थाने में लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। धूमनगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजेश उपाध्याय ने बताया कि जिस नंबर का इस्तेमाल ठगी में हुआ, उसकी डिटेल निकलवाई जा रही है।

# विधवा किसान को दबंगों की धमकी

**महिला से जमीन हड़पने की कोशिश, एसपी कार्यालय में न्याय की लगाई गुहार**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, बड़ौत कोतवाली क्षेत्र की एक विधवा महिला ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुंचकर अपनी और अपने बेटे की जान बचाने तथा कृषि भूमि की सुरक्षा की गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि उसके पति पंकज की मृत्यु करीब ढाई वर्ष पूर्व हो चुकी है, जिसके बाद से ग्राम शाहपुर बड़ौली के कुछ दबंग लोग उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। महिला ने शिकायत में बताया कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और गांव के गरीब परिवारों को अक्सर डराते-धमकाते रहते हैं। आरोपियों में से एक, जितेंद्र पुत्र रघुवीर पर भारतीय दंड संहिता की धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज हो चुका है और वह जेल भी जा चुका है। महिला का आरोप है कि आरोपी उसे व्हाट्सएप पर लगातार धमकी भरे संदेश भेजते हैं, जिसमें उसके बेटे की हत्या कर जमीन हड़पने की धमकी दी जाती है। हाल ही में, 30 नवंबर को आरोपियों ने महिला को उसके खेत में बोवाई नहीं करने दी। बोवाई से पहले 15 दिनों के भीतर तीन बार खेत में पानी भर दिया गया, जिससे फसल खराब हो गई। इसके अतिरिक्त, आरोपियों ने सरकारी नाली पर पक्की दीवार बनाकर आधी नाली को अपने खेत में मिला लिया है और उसकी मेढ़ काटकर खेत के पानी का बहाव भी रोक दिया है।

# 100 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले 8 आरोपी अरेस्ट

**नोएडा में एसटीएफ ने पकड़ा, फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोन लेते थे; 220 बैंक अकाउंट फ्रीज**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, एसटीएफ ने बैंकों के साथ 100 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी करने वाले एक गैंग को पकड़ा है। गैंग के आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। ये लोग फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंक से होम और पर्सनल लोन लेते थे। इनके पास से 126 पास बुक, 170 डेबिट कार्ड 45 आधार कार्ड, 27 पैन कार्ड, 15 आईडी कार्ड , 5 निर्वाचन आयोग के पहचान पत्र, 26 मोबाइल फोन, 3 गाड़ियां और लैपटॉप मिले हैं। इनके पास से 220 बैंक अकाउंट को फ्रीज किया गया है। जिसमें जमा पैसों का आकलन किया जा रहा है। ये गैंग फर्जी प्रोफाइल बनाकर चंडीगढ़ , उत्तराखंड ,दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बिल्डर्स के साथ सांठ गांठ करके बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी से प्रोफाइल फंडिंग भी करा रहे थे। अब तक की जांच में करीब 10 बैंकों से 100 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी मिली है। इनकी पहचान रामकुमार, नितिन जैन, मो0 वसी, शमशाद आलम, इन्द्रकुमार कर्माकर, अनुज यादव, अशोक कुमार उर्फ दीपक जैन, ताहिर हुसैन हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त रामकुमार ने पूछताछ पर बताया कि उसकी उम्र लगभग 45 साल है। वह पहले एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक में लोन एक्जुकेटिव के पद पर काम कर चुका है। इसके बाद फर्जी प्रोफाइल तैयार करके लोन कराने का काम करने लग गया। रामकुमार बिल्डरों के साथ मिलकर फर्जी प्रोफाइल तैयार करता और उनके नाम से होम लोन लेता है। जिसमें से कुछ रकम बिल्डर रामकुमार को वापस देता है। रामकुमार ने टीएसए साफ्टवेयर सर्विसेज प्रालि और ट्रिपटेक प्रालि नाम से फर्जी आधार कार्ड बनाकर तैयार किये गये। फर्जी व्यक्ति को डायरेक्टर बनाकर रजिस्ट्रर्ड कंपनी कराई है। इन कंपनियों में फर्जी आधार कार्ड पर बनाये गए।

# महिला ने रिक्शे पर दिया बच्चे को जन्म

**एम्बुलेंस के समय पर नहीं पहुंचने पर सीएचसी लेकर पहुंचे**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, रटौल कस्बे में स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई। जब एम्बुलेंस समय पर न पहुंचने के कारण एक महिला को रिक्शे में बच्चे को जन्म देना पड़ा। यह घटना रटौल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे से पहले की है। जानकारी के अनुसार, रटौल निवासी सादाब की पत्नी फरीन को प्रसव पीड़ा होने लगी। परिजनों और कस्बे की आशा कार्यकर्ता ने तुरंत 102 नंबर पर एम्बुलेंस के लिए कॉल किया। हालांकि, लगातार कॉल करने के बावजूद न तो कॉल रिसीव हुई और न ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस न मिलने पर परिजन फरीन को रिक्शे में बैठाकर रटौल स्वास्थ्य केंद्र की ओर ले जाने लगे। रास्ते में प्रसव पीड़ा बढ़ने पर महिला ने रिक्शे में ही एक पुत्र को जन्म दे दिया। घटना के बाद परिजन तुरंत मां और नवजात को लेकर रटौल सीएचसी पहुंचे। अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों और आशा कार्यकर्ता ने दोनों को भर्ती कर आवश्यक इलाज दिया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, मां और बच्चा दोनों सुरक्षित और स्वस्थ हैं। परिजनों ने एम्बुलेंस सेवा की लापरवाही पर गंभीर नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि बार-बार कॉल करने के बावजूद एम्बुलेंस नहीं आई।



# बीएसएफ जवान को हत्या में फंसाने का आरोप

- बागपत में पीड़ित ने एसपी से की निष्पक्ष जांच की मांग, मिला आश्वासन

अमन लेखनी समाचार



बागपत, खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के खेला गांव निवासी रिंकू ने एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि दो महीने पहले गांव में हुई हत्या की घटना में उनके साले प्रदीप को स्थानीय राजनीति के चलते झूठा फंसाया जा रहा है। रिंकू ने बताया कि उनका साला प्रदीप मध्य प्रदेश में बीएसएफ में तैनात है और घटना के समय ड्यूटी पर था। रिंकू के अनुसार, कुछ प्रभावशाली लोग राजनीतिक रंजिश और आपसी वैमनस्य के कारण प्रदीप की छवि खराब करने और उसे अभियुक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग गलत बयानबाजी कर पुलिस को गुमराह कर रहे हैं, जबकि उनके पास ऐसे कई साक्ष्य हैं जो प्रदीप की निर्दोषता साबित करते हैं। रिंकू ने एसपी को बताया कि उनके परिवार की प्रतिष्ठा और प्रदीप के करियर पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते सही जांच नहीं की गई, तो एक निर्दोष व्यक्ति गंभीर मामले में फंस सकता है। उन्होंने एसपी से निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाने और उनके साले को न्याय दिलाने की मांग की। शिकायत मिलने पर एसपी सूरज कुमार राय ने मामले की विस्तृत जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। एसपी ने कहा कि निष्पक्ष जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा और किसी भी निर्दोष को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। पीड़ित परिवार ने एसपी के आश्वासन पर भरोसा जताते हुए जल्द न्याय मिलने की उम्मीद व्यक्त की है।

# किसानों का जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना

## भूमि अधिग्रहण, प्रदूषण और नहर की मांगों पर ज्ञापन सौंपा

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, ग्राम ब्रह्मपुर भोपुरा और सिडोली के किसानों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया। उन्होंने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा, जिसमें भूमि अधिग्रहण, प्रदूषण नियंत्रण और नहर पक्की करण जैसे प्रमुख मुद्दे उठाए गए। किसानों का कहना है कि उनकी समस्याएं वर्षों से अनसुलझी हैं और अब उनके जीवन, आजीविका तथा स्वास्थ्य पर सीधा असर डाल रही हैं। ब्रह्मपुर भोपुरा के किसानों का मुख्य मुद्दा भूमि अधिग्रहण से संबंधित है। किसानों ने बताया कि लगभग 15 वर्ष पहले उनकी जमीन अधिग्रहित की गई थी। उस समय उन्हें 6% विकसित भूखंड देने का वादा किया गया था, लेकिन इतने साल बीत जाने के बावजूद यह भूखंड उन्हें अब तक नहीं मिला है। किसानों ने इसे अपना वैधानिक अधिकार बताते हुए प्रशासन से जल्द पूरा करने की मांग की। इसके अतिरिक्त, भोपुरा क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण ने ग्रामीणों का जीवन दूभर कर दिया है। ग्रामीणों के अनुसार, हवा में धूल और धुएं का स्तर लगातार बढ़ने से गाँव में सांस संबंधी बीमारियाँ और अन्य स्वास्थ्य समस्याएँ तेजी से फैल रही हैं। उन्होंने मांग की कि प्रदूषण रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए और संबंधित विभाग मिलकर

प्रभावी कदम उठाएँ। वहीं, ग्राम सिडोली के किसानों ने छोटी नहर को पक्का करने की मांग की। उनका तर्क है कि कच्ची नहर से बड़ी मात्रा में पानी व्यर्थ बह जाता है, जिससे लगभग 100 एकड़ भूमि पर सिंचाई प्रभावित होती है। किसानों का कहना है

कि नहर को पक्का करने से पानी की बचत होगी और उनकी फसलें सुरक्षित रहेंगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इन तीनों प्रमुख मुद्दों पर शीघ्र निर्णय लेने और उन्हें राहत प्रदान करने की अपील की है। उनका कहना है कि अब समय आ गया है कि उनकी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाए।

# 10 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कीमत 3 लाख रुपए, दिल्ली-नोएडा में करता था सप्लाई, 22 मुकदमे हैं दर्ज**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, थाना सेक्टर-24 पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 10 किलो गांजा बरामद किया गया है। इसकी मादक काफी तेज है। इसका नाम मौहम्मद इमरान उर्फ शाहरुख हुई है। इस पर करीब 22 मुकदमे दर्ज है। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया ये उड़ीसा और अन्य राज्यों से गांजा लेकर आता है और दिल्ली एनसीआर में सप्लाई करता है। इसके ग्राहक पीजी , कॉलेज और हास्टल और बस्तियों में रहने वाले लोग है। जिनको गांजा बेचकर मुनाफा कमाता है। उन्होंने बताया कि लोकल इंटेलिजेंस बीट पुलिसिंग की सहायता से इमरान को गंदे नाले की पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया है। इसको गांजा कौन देता है पूरे लिंक की तलाश की जा रही है। इस पर दिल्ली में करीब 21 मुकदमे दर्ज है। डीसीपी ने बताया कि ये पूर्व में जेल जा चुका है। जब भी बाहर आता है आर्थिक लाभ कमाने के लिए गांजा की सप्लाई करने लगता है। अधिकांश मामले नोएडा , गाजियाबाद- दिल्ली बार्डर से जुड़े है।

# एसपी ने तीन नई पीआरवी वाहन रवाना किए

**आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली होगी मजबूत, मिलेगी त्वरित सहायता**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, पुलिस की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत करने के लिए पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने तीन नए चार-पहिया पीआरवी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह कार्यक्रम पुलिस लाइन में आयोजित किया गया, जहां एसपी ने वाहनों का निरीक्षण कर टीमों को आवश्यक निर्देश दिए। एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि इन नई पीआरवी के शामिल होने से जिले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई क्षमता बढ़ेगी। ये वाहन आपात स्थितियों, सड़क दुर्घटनाओं, गंभीर अपराधों और महिला सुरक्षा से संबंधित घटनाओं में तेजी से मौके पर पहुंच सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि पीआरवी यूनिट को संवेदनशील व्यवहार, अनुशासन और समयबद्ध प्रतिक्रिया के लिए प्रशिक्षित किया गया है। एसपी ने स्पष्ट किया कि पुलिस की 112 सेवा जनता की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। आधुनिक उपकरणों से लैस इन नए पीआरवी वाहनों के जुड़ने से जमीनी स्तर पर पुलिसिंग और मजबूत होगी, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में भी त्वरित सहायता उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर एसपी ने पीआरवी टीमों को विशेष निर्देश दिए कि किसी भी कॉल पर तत्काल प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाए और जरूरतमंद लोगों की सहायता में कोई लापरवाही न बरती जाए। एसपी सूरज कुमार राय ने आशा व्यक्त की कि इन नए वाहनों के संचालन से जिले में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी, जिससे जनता का पुलिस पर भरोसा बढ़ेगा। इसके बाद तीनों पीआरवी वाहनों को विधिवत रूप से आपातकालीन सेवाओं के लिए रवाना कर दिया गया।

# बस बुकिंग में धोखाधड़ी

- चालक से ऑनलाइन ठगी, पुलिस में शिकायत दर्ज

अमन लेखनी समाचार



बागपत, बस बुकिंग के नाम पर एक चालक से 98 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित विजय ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। खट्टा गांव निवासी विजय बस बुकिंग का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि 5 दिसंबर 2025 के लिए उनकी बस पहले से बुक थी, इसलिए उन्होंने एक दूसरी बस बुक की। यह बुकिंग एक अज्ञात व्यक्ति ने की थी, जिसने अपना नाम कैप्टन जोस सिंह बताया। बुकिंग रिजर्व पुलिस लाइन बागपत से मथुरा-वृंदावन के लिए थी। चालक बस लेकर रिजर्व पुलिस लाइन के मुख्य गेट पर पहुंचा। वहां उसे वह अज्ञात व्यक्ति मिला, जिसने बताया कि वह गाड़ी की परमिशन लेने अंदर जा रहा है। थोड़ी देर बाद उसने विजय को फोन कर भुगतान लेने को कहा। विजय ने ड्राइवर को पैसे लेने के लिए कहा, तो आरोपी ने ऑनलाइन चेक के माध्यम से भुगतान की बात कही और विजय के मोबाइल नंबर पर एक क्यूआर कोड भेज दिया। जैसे ही विजय ने यह बारकोड स्कैन किया, उनके एक्सिस बैंक खाते से तुरंत 50,000 रुपये कट गए। पीड़ित ने जब आरोपी को फोन कर शिकायत की, तो उसने दूसरा ₹चेकर₹ भेजकर कहा कि इसे स्कैन करने पर पिछला पैसा भी वापस मिल जाएगा। दूसरा कोड स्कैन करते ही उनके खाते से 48,000 रुपये और कट गए। इसके बाद आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया और वह गाड़ी का पास लेने भी नहीं आया। करीब दो घंटे इंतजार के बाद चालक बस वापस ले आया। विजय ने पुलिस से 98,000 रुपये की साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। एसपी सूरज कुमार राय ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## संक्षेप

### डिलीवरी वार्ड के शीशे टूटे प्रसूताएं सर्द हवाओं से जूझने को मजबूर

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। प्रसव के बाद वार्ड में भर्ती होने वाली प्रसूताएं वार्ड की खिड़कियां टूटी होने से रात में सर्द हवाओं से जूझने को मजबूर हो रही है साथ ही वार्ड के पीछे लगे गंदगी के ढेर से आने वाली बदबू से परेशान होती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का जच्चा बच्चा केंद्र बांकी मार्ग के पुराने अस्पताल में है यहां पर डिलीवरी रूम के पीछे भर्ती वार्ड बना हुआ है। भर्ती वार्ड की खिड़कियों के कांच गायब है। सर्द हवाएं वार्ड में सीधे प्रवेश करती है। इससे भर्ती प्रसुताओं को सर्दी लगने का खतरा है। वार्ड के पीछे गंदगी का ढेर लगा हुआ है। खिड़की टूटी होने से बदबू सीधे वार्ड में प्रवेश करती है। इससे प्रसूताएं परेशान होती हैं। प्रसूता करुणा, कविता, शकुंतला ने बताया कि खिड़कियों के शीशे टूटे होने से सर्द हवाएं सीधे आती हैं साथ ही पीछे से गंदगी के कारण जोरदार बदबू आती है। इससे परेशानी होती है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर तरुण पाल ने बताया कि टूटे शीशे बदलकर नए लगवाने के साथ ही रुम हीटर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। सोमवार को गंदगी को साफ करा दिया जाएगा।

### जिला पंचायत पंचायत अध्यक्ष ने रिसॉर्ट का फीता काट किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज, हरदोई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने गणेश पूजन कर रिसॉर्ट का फीता काटकर शुभारंभ किया। कस्बे से नयागांव जाने वाले मार्ग सहिजना गांव के निकट अनुपम रिसॉर्ट का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलापंचायत अध्यक्ष प्रेमवती ने गणेश पूजन कर फीता काटकर किया। आयोजक अनुपम वर्मा व छोटेलाल कनोजिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत स्मृति चिन्ह व माला पहनाकर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की जनता के लिए रिसॉर्ट खुलने से अब क्षेत्र के लोगो को बाहर नही जाना पड़ेगा। शहर जैसी सभी सुविधाएं यहाँ मिलेगी। इस मौके पर पूर्व प्रमुख विवेक पटेल, रामू कश्यप, अनुपम वर्मा, छोटेलाल कनोजिया, सुधीर, रवि, धर्मेंद्र सिंह, सुरेंद्र आदि लोगो मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पनुरीक्षण-बीएलओ व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ किये बैठक

**08 दिसम्बर, 2025 या 09 दिसम्बर, 2025 को बी०एल०ओ0 अपने-अपने बूथों पर बी0एल0ए0 के साथ करेंगें - जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी**

**जिन मतदाताओं के नाम अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक एवं डुप्लीकेट निर्वाचकों की देंगें जानकारी।**

**बी०एल०ओ अपनी रिपोर्ट लगाते हुए फार्मों को बी०एल०ओ ऐप पर 02 दिवस के अन्दर डिजिटाइजेशन का कार्य कराये पूर्ण- जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पनुरीक्षण अभियान के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किये। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि बी०एल०ओ द्वारा बूथ पर 08 दिसम्बर 2025 या 09 दिसम्बर, 2025 को बी०एल०ए० के साथ बैठक कराना सुनिश्चित करेंगें, इस दौरान जिन मतदाताओं के नाम अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक एवं डुप्लीकेट निर्वाचकों के रूप में चिन्हित किये गये हैं उन मतदाताओं के फार्मों पर बी०एल०ओ अपनी रिपोर्ट लगाते हुए उक्त फार्मों को बी०एल०ओ ऐप पर 02 दिवस के अन्दर डिजिटाइजेशन पूर्ण करेंगें, बी०एल०ओ अपने-अपने बूथ पर 08 व 09 दिसम्बर, 2025 को बी०एल०ए० के साथ बैठक करेंगे, बैठक की सूचना बी०एल०ओ नोटिस के माध्यम से बी०एल०ए० को सूचित करेंगें तथा नोटिस तामीला की प्राप्ति रसीद बी०एल०ओ अपने पास सुरक्षित रखेंगे। बी०एल०ओ बैठक से पूर्व अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक एवं डुप्लीकेट निर्वाचकों की सूची तैयार करेंगे एवं उक्त सूची बी०एल०ए० को उपलब्ध करा देंगे तथा प्राप्ति स्वरूप बी०एल०ए० का हस्ताक्षर भी उक्त सूची में प्राप्त करेंगे। बैठक मे उन्होंने कहा कि निर्गत संशोधित समय सारिणी के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस0आई0आर0) की विभिन्न गतिविधियां सम्पन्न करायी जा रही है। जिसमें बी०एल०ओ० द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराना, एकत्रीकरण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य 04 नवम्बर, 2025 से 11 दिसम्बर, 2025 तक, निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन 16 दिसम्बर, 2025 को, दावे एवं आपत्तियां दाखिल किये जाने की अवधि 16 दिसम्बर, 2025 से 15 जनवरी, 2026 तक, नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किये जाने की अवधि 16 दिवम्बर, 2025 से 07 फरवरी, 2026 तक तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी, 2026 को किया जाना निर्धारित है। उन्होंने कहा कि 04 नवम्बर, 2025 से 11 दिसम्बर, 2025 तक बी०एल०ओ० घर-घर जाकर गणना पत्रकों का एकत्रीकरण तथा उनके डिजिटाइजेशन की कार्यवाही सम्पन्न करायी जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, भाजपा के जिला मंत्री सुनील सिंह, सपा के जिला कार्यालय प्रभारी अनिल यादव, अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष युवा मंच अंशु तिवारी, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश गौतम, सी0पी0आई0 (एम0) के जिला मंत्री नन्दलाल आर्य, बसपा के मण्डल प्रभारी रामअवतार चैहान, कांग्रेज पार्टी के जिला सचिव/प्रभारी कन्ट्रोल रूम आशीष कुमार सिंह, कांग्रेस पार्टी के प्रभारी शहर कन्ट्रोल रूम श्री शिव प्रसाद सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## शिकरोडी गांव में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया



अमन लेखनी समाचार

कुरारा। हमीरपुर में ग्राम शिकरोडी में निशुल्क विशाल नेत्र शिविर का आयोजन हुआ यह नेत्र शिविर संध्या वर्मा एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष अनु मोर्चा भाजपा द्वारा आयोजित कराया गया जिसमें डा सुरेश कुमार कोरी जिला अस्पताल द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया मरीजों का रजिस्ट्रेशन सूर्य कुमार छळ ने किया जिसमें 95 मरीजो की आखों की जांच की गई जिसमें 15 मरीज मोतिया विन्द से ग्रषित पाये गये 3 मरीज नाखूना के मिले 9 मरीज सबलबाई के मिले शेष मरींजों के चश्मे की जाँच की गई सभी मरीजो को दवा व चश्मा निःशुल्क दिया गया मोतिया विन्द के मरीजो को कल जिला अस्पताल के लिये रिफर किया गया जो बी पी व सुगर की जांच की जायेगी उसके बाद ऑपरेशन होगा और संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनु मोर्चा पत्नी डा सुरेश कुमार ने सभी मरीजो को आँख को सुरक्षित कैसे रख्खा जाये व सावधानी बताई और कहा कि आँखो को साफ पानी से धोये और हरी सब्जियों का उपयोग करे और समय समय पर आखो की जांच करते रहना चाहिए इस शिविर अरुण वकील साहब अशोक सागर रामधनी अनिल अनुरागी आदि लोग उपस्थित रहे।

## रामकथा की चरखी में पिसोगे आएगा जीवन में निखार - आत्मानंद गिरि

**राम कथा का तपोभूमि में दूसरा दिन**

अमन लेखनी समाचार





भरुआ, सुमेरपुर। श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण में चल रही राम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंचदश नाम जूना अखाड़ा छत्तीसगढ़ के महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज ने कहा कि जब तक रामकथा की चरखी में नहीं पिसोगे तब तक जीवन में निखार नहीं आ सकता है इसलिए मनुष्य को राम के चरित्र आदर्श को समझना बहुत जरूरी है। राम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने कहा कि अगर समाज में अच्छे बनना है तो अहंकार का परित्याग करके झुकना सीखना होगा तभी समाज में अहमियत बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इस संसार पर जिस पर विश्वास नहीं हो उसकी चर्चा नहीं करनी चाहिए बल्कि उसकी परीक्षा लेनी चाहिए परिणाम स्वतः सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि मन बड़ा चंचल होता है इसलिए मनमानी करता है। मनुष्य को मन पर नियंत्रण रखना चाहिए और यह तभी संभव होगा जब आप राम के चरित्र एवं आदर्शों को अंगीकार करोगे। कथा व्यास ने कहा कि बनना और होना दोनों में बहुत अंतर है उन्होंने असली और नकली के अंतर को बहुत अच्छे ढंग से बताया। कथा में भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

## पुलिया क्षतिग्रस्त होने से आए दिन हो रही दुर्घटनाएं, जिम्मेदार अधिकारी बेखबर

अमन लेखनी समाचार



गुरसरांय, झांसी। विकासखंड बामौर अंतर्गत ग्राम सिया भौवई मार्ग पर जाने वाले मार्ग पर पुलिया टूटी हुई है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है और हादसे का खतरा बना हुआ है। इस संबंध में विकास तिवारी ने बताया कि उन्होंने जिलाधिकारी झांसी को भी समस्या से अवगत कराया है। स्थानीय निवासियों, जिनमें दिनेश विश्वकर्मा, रामलोचन यादव, धर्मेंद्र कुशवाहा, मोंटी विश्वकर्मा, गजेंद्र यादव अभिषेक, नीरज कुशवाहा, अजय पाल, शाहिद खान, अमित पाल, हरिश्चंद्र आर्य, जितेंद्र नामदेव सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं, ने बताया कि यह रेलिंग पिछले छः माह से टूटी पड़ी है। उनकी शिकायत है कि संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस मार्ग से काफी संख्या में दो पहिया व बड़े वाहन प्रतिदिन गुजरते है इसकी शिकायत क्षेत्र के लोगों ने कई बार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से की, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं हैं इस पुलिया से प्रतिदिन कई गांवों के लोगों का आना-जाना होता है। इस पुलिया पर प्राइवेट, स्कूली वाहन और सवारी गाड़ियों का भी प्रतिदिन आना-जाना लगा रहता है। पुलिया टूटी होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। यहां पर वाहनों के फंसने से काफी लोग चोटिल हो चुके है। इसके अलावा सड़क पर फैले झाड़ झक्कड़ की वजह से भी लोगों को काफी समस्याएं हो रही हैं। इसकी शिकायत क्षेत्र के लोगों ने कई बार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से की लेकिन सभी की उदासीनता के चलते यह पुलिया हादसों को दावत दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि काफी दिनों से टूटी पुलिया धीरे- धीरे और खतरनाक होती जा रही है। स्कूली वाहन के साथ काफी वाहनों का प्रतिदिन आना जाना करते हैं कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शिकायत के बाद भी अधिकारी ध्यान नही दे रहे है।

## ई रिक्शा ने साइकिल सवार किशोर को मारी टक्कर, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार





भरुआ, सुमेरपुर। बहन के यहां साइकिल से अरतरा जा रहे किशोर को बदनपुर मोड़ के समीप सामने से आए ई रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में किशोर की साइकिल चकनाचूर हो गई और सड़क पर गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर किशोर को कानपुर रेफर किया गया है। बिरखेरा गांव निवासी इंद्रपाल कुशवाहा के एकलौते पुत्र सूरज कुशवाहा 13 वर्ष रविवार को सुबह करीब 10:00 बजे साइकिल से बड़ी बहन की ससुराल मौदहा के अरतरा गांव जा रहा था। सिसोलर मार्ग में बदनपुर मोड़ के समीप बदनपुर से सवारियां लेकर सुमेरपुर की ओर आ रहे तेज रफ्तार ई रिक्शा चालक ने किशोर की साइकिल में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में किशोर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और साइकिल चकनाचूर हो गई। साथ ही रिक्शा चालक भी घायल हो गया। दोनों को पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर किशोर को कानपुर रेफर किया है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार करने वाले चिकित्सक डॉक्टर बिंदेश ने बताया कि किशोर के सिर पर गंभीर चोट लगी है।

## पुलिस द्वारा 06 किलो 100ग्राम अवैध गांजा के साथ एक नफर अभियुक्ता गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




हमीरपुर। मौदहा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे थाना मौदहा पुलिस द्वारा अरतरा रोड पर अरण्या गेस्ट हाउस से करीब 500 मीटर आगे अरतरा की ओर रोड किनारे बहद मोहल्ला पूर्वी तरौस कस्बा व थाना मौदहा से 01 नफर अभियुक्ता माया निषाद पुत्री फूलचन्द्र निवासी मोहल्ला पूर्वी तरौस इलाही तालाब कस्बा व थाना मौदहा उम्र करीब 28 वर्ष को एक प्लास्टिक की बोरी में 06 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार करते हुए थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 421/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम माया निषाद उपरोक्त के पंजीकृत कर अभियुक्ता उपरोक्त को न्यायालय हमीरपुर भेजा गया।

## विश्व हिन्दू रक्षा परिषद ने निकाली वीर हनुमत आशीर्वाद एवं शौर्य यात्रा

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र। विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के सौजन्य से शनिवार को नगर में वीर हनुमत आशीर्वाद एवं शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा चोपन बैरियर स्थित रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर जय श्री राम के नारों के साथ मुख्य मार्ग से होते हुए कैलाश मंदिर परिसर तक पहुंची, जहाँ विधि-विधान से हनुमान जी का पूजन-अर्चन तथा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ संपन्न हुआ। पाठ समापन के उपरांत आरती की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के प्रदेश सचिव डॉ. बृजेश सिंह, जिला अध्यक्ष राकेश पाण्डेय बिंदु वरिष्ठ भाजपा नेता राजा मिश्रा,, जिला प्रभारी मनीष सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मनोज चौबे, जिला महामंत्री अमरनाथ सिंह, कमल किशोर सिंह, एडवोकेट दिनेश पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष संजय केसरी, नागेश्वर प्रसाद गोंड़, श्यामसुंदर मिश्रा, सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी के साथ निकाली गई यह विशाल विजय शौर्य यात्रा नगर में आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव डॉ. बृजेश सिंह ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है, जब राम भक्तों ने हिंदुत्व के लिए गौरवशाली परंपरा स्थापित की थी। आगे कहा कि हनुमान जी के चरणों में नमन करते हुए हम हिंदुत्व की अलख जगाने का संकल्प लेते हैं। जागो हिंदू जागो अभियान के तहत प्रत्येक हिंदू को जागृत करने का लक्ष्य है, जिससे देश को हिंदू राष्ट्र बनाने की परिकल्पना तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के परिश्रम को सफल बनाया जा सके। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह, कस्बा इंचार्ज आर एस शर्मा पुलिस बल के साथ चाक चौबंद रहे

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का मंडलीय सम्मेलन/अधिवेशन लोक निर्माण विभाग में सम्पन्न हुई

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तर प्रदेश का मंडलीय सम्मेलन/अधिवेशन लोक निर्माण विभाग, हमीरपुर परिसर में सेवानिवृत्त पूर्व मंडलीय अध्यक्ष रघुवीर प्रजापति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष जे. एन. तिवारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आउटसोर्सिंग और संविदा कर्मचारियों के मानदेय में बढ़ोत्तरी करे, शिक्षक कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करे और कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करे नहीं तो शिक्षक कर्मचारी आउटसोर्सिंग और संविदा कर्मी आगामी 20 जनवरी को विधानसभा में बड़ा आन्दोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। प्रांतीय मंत्री अरुणा शुक्ला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को अभी तक हर क्षेत्र में 50% की भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो सकी है सरकार को चाहिए कि आधी आबादी को हर क्षेत्र में उचित प्रतिनिधित्व दिलाने का काम करे। अटेवा के जिला प्रवक्ता रणविजय चक्रवर्ती ने कहा कि कर्मचारी संयुक्त परिषद के आगामी 20 जनवरी के कार्यक्रम में अटेवा बढ़ चढ़कर हिस्सा लेगा, सरकार की दमनकारी नीति का जमकर विरोध किया जाएगा। प्रांतीय अध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पाल, जिला मंत्री मोहम्मद लकी मुवीन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामसजीवन, उपाध्यक्ष काशीप्रसाद, संयुक्त मंत्री कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव (पंचायत), संरक्षक राजेश कुमार शुक्ला, उपमंत्री अवनीश कुमार राणा, उपाध्यक्ष पारस नाथ तिवारी, संयुक मंत्री संदीप सिंह (पशुपालन), संघटन मंत्री श्रीराम और संचार मंत्री नंदकिशोर को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अतुल सिंह, मंडल मंत्री ननकावन तिवारी, हेमंत पाठक, शिवशरण सिंह ओमरे, दिव्यांग प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण सोनी, सेवानिवृत्त रामरतन श्रीवास, राधा श्रीवास्तव, ज्योति, राममिलन सिंह, नवीन कुमार, लेखपाल संघ से लोकेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अटेवा के जिला महासचिव कमल किशोर ने किया और सभी आगंतुक बंधुओं का आभार जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पाल ने किया।

### जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए रोजगार हेतु मेला का आयोजन 08 दिसम्बर को

सोनभद्र। जिला सेवायोजन अधिकारी, सोनभद्र ने अवगत कराया है कि रोजगार मेला कार्यालय जिला सेवायोजन कार्यालय, सोनभद्र द्वारा जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए 08 दिसम्बर, 2025 को प्रातः 10.00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, खुशबू बाग नर्सरी रोड (जिला अस्पताल के सामने) लोढ़ी, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 13 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी जिसमें कैनवील एवियेशन, नई दिल्ली. डीसेट्स, फरीदाबाद, बजाज ऑटो लि०, औरंगाबाद, मीडलैण्ड माइक्रोफीन, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र, एमॉस स्कील ग्रुप, गुड़गाँव, सोनभद्र एवं श्रीराम फाईनेन्स, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र इत्यादि कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएगी।

## दोषी सिंटू उर्फ सुरेंद्र कुमार को 10 वर्ष की कठोर कैद

**-एक लाख रुपये अर्थदंड, न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।**

**-जेल में बिताई अवधि सजा में होगी समाहित।**

**-अर्थदंड की सम्पूर्ण धनराशि एक लाख रुपये पीड़िता को मिलेगी।**

**-6 वर्ष पूर्व शादी का झांसा देकर 21 वर्षीय लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व बलात्कार करने का मामला।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। छह वर्ष पूर्व शादी का झांसा देकर 21 वर्षीय लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व उसके साथ बलात्कार करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/सीएडब्लू, सोनभद्र अर्चना रानी की अदालत ने शनिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी सिंटू उर्फ सुरेंद्र कुमार को 10 वर्ष की कठोर कैद व एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की सम्पूर्ण धनराशि एक लाख रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक जुगैल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने 28 फरवरी 2020 को जुगैल थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 17 सितंबर 2019 को शादी का झांसा देकर उसे बहला फुसलाकर सिंटू उर्फ सुरेंद्र कुमार पुत्र रामबचन खरवार निवासी खेवन्धा, थाना जुगैल, जिला सोनभद्र भगा ले गया और उसके साथ करीब 5 माह तक बलात्कर करता रहा। जब उसने कोर्ट मैरिज कराने के लिए कहने लगी तो उसने इनकार कर दिया। इस बात को लेकर पंचायत भी हुई थी, लेकिन रखने को तैयार नहीं हुआ और उसे भगा दिया। आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें। इस तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान और पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी सिंटू उर्फ सुरेंद्र कुमार को 10 वर्ष की कठोर कैद व एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की सम्पूर्ण धनराशि एक लाख रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बहस की।

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की समीक्षा बैठक अब 8 तरीक को होगी

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। मौदहा प्रांतीय योजनानुसार मंडल अध्यक्ष कि उपस्थिति में जिला समीक्षा बैठक, जो अपने जिले कि 4 दिसंबर को होनी थी अपरिहार्य कारणों से उसकी तिथि में परिवर्तन किया गया है, अब यह बैठक 08 दिसंबर को प्रकाश लाज भरुहा सुमेर पुर में, दिन में 11 बजे से प्रारम्भ होंगी, जिसमे जिले के सभी आयोजित कार्यक्रमों व वर्तमान चल रही सदस्यता कि चर्चा होंगी, जिसकी समीक्षा मंडल अध्यक्ष यूनुस खान करेंगे, जिले के सभी सदस्यों व पदाधिकारियो से अनुरोध है कि बैठक अति आवश्यक व प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित है, इस लिए सभी को आना अनिवार्य है, बैठक में उपस्थित न होने वाले सदस्यों व पदाधिकारियों पर विचार भी किया जा सकता है।

## ग्राम विकास प्रशिक्षण संस्थान में ग्राम विकास अधिकारियों ने भरी हुंकार

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। कस्बे के ग्राम विकास प्रशिक्षण संस्थान में ग्राम पंचायत अधिकारी संध, ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन समन्वय समिति की बैठक ग्राम पंचायत 'अधिकारी संघ की अध्यक्षता में आहुत की गयी। बैठक में ग्राम पंचायत अधिकारी ने संगठन की मजबूती के लिए सात बिंदुओं पर बिंदुवार चर्चा की गई। जनपद हमीरपुर के अध्यक्ष ओमप्रकाश प्रजापति को उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रान्तीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। प्रान्तीय समिति के आवाहन पर चल रहे आन्दोलन जोरदार समर्थन किया व बिन्दुवार पालन करने के लिए समस्त सचिव समर्पित है। दस-दस वर्षों से जमे कर्मचारी व ब्लाक मुख्यालय से जिला मुख्यालय स्थानान्तरण करना अति आवश्यक है। ग्राम पंचायत में संचालित अन्ना गौवंश आश्रय स्थल के संचालन में मुख्य सचिव के शासनादेश निहित प्रावधानों व प्रमुख सचिव के अनुसार गौवंशों के संरक्षण हेतु शासनादेश के अनुसार किया गया। इस अवसर पर जयराम कुशवाहा, विनोद कुमार, प्रदीप कुमार, धर्मेंद्र, राम प्रसाद, शिव मूरत सिंह, सुनील कुमार, महेंद्र कुमार, उपेंद्र पांडे, मुकेश कुमार, अंकित सिंह, बृजेश कुमार शुक्ला, योगेंद्र कुमार, गिरीश चंद्र, अरविंद कुमार सोनी, आनंद कुमार, विपिन कुमार, रामसेवक आदि दो दर्जन से अधिक ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक- श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक - रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



आज की हाईटेक दुनिया में मानवाधिकार, सिर्फ संविधान तक सीमित नहीं हैं। आपकी ऑनलाइन आदतों, व्यवहार और दूसरों के अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता में भी यह प्रकट होता है। यहां बताई जा रही आदतों को अपनाने वाला कोई भी व्यक्ति न सिर्फ डिजिटल वर्ल्ड में खुद को सुरक्षित रख सकता है बल्कि दूसरों के मानवाधिकारों की रक्षा करने में योगदान भी कर सकता है।




# डिजिटल वर्ल्ड में भी जरूरी है मानवाधिकारों के प्रति सजगता

कवर स्टोरी

लोकमित्र गौतम

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हाई-स्पीड इंटरनेट और 24X7 स्क्रीन-लाइफ के इस दौर में मानवाधिकारों की परिभाषा वह नहीं रही, जो बीसवीं सदी के मध्य या उत्तरार्द्ध में हुआ करती थी। जीवन जीने की नई चुनौतियों के बीच, जीवन के अधिकारों की जमीन भी बदल रही है। साथ ही सार्वभौम मानवाधिकारों की परिभाषा भी बहुत तेजी से बदल रही है। आज मानवाधिकारों के दायरे में सिर्फ आपकी सदेह उपस्थिति ही नहीं रही, बल्कि डिजिटल उपस्थिति, ऑनलाइन व्यवहार और टेक्नोलॉजी के प्रयोग भी आ गए हैं। आज की युवा पीढ़ी इंटरनेट, डिजिटल जीवनशैली और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल के बीच बड़ी हुई पीढ़ी है। इसलिए उसके अधिकारों और जिम्मेदारियों का दायरा भी इन सभी आयामों से जुड़ता है। डिजिटल दुनिया की संवेदना का सम्मान किए बिना आज मानवाधिकारों की चर्चा पूरी नहीं हो सकती, क्योंकि आज इंसान के जीवन का एक बड़ा हिस्सा डिजिटलाइज हो चुका है। इसलिए इस जीवन की हिफाजत, उसका सम्मान और उसकी संवेदनशीलता का ख्याल रखना भी आज का मानवाधिकार है।

**महत्वपूर्ण है डिजिटल प्राइवेसी:** डिजिटल स्पेस में प्राइवेसी का अर्थ सिर्फ 'सीक्रेट' रखना नहीं है बल्कि अपनी पहचान, आदतों और भावनाओं को सुरक्षित रखना भी है। हर मोबाइल एप आज आपके व्यवहार पर गहरी नजर रखता है और आपकी एक डिजिटल कुंडली बनाता है। उसे आपकी लोकेशन से लेकर आपकी हार्टबीट तक पता होती है। ऐसे में एक जागरूक युवा वही है, जो हर अनुमति को ध्यान से पढ़ता है, अपनी डिजिटल दुनिया के दरवाजों का मजबूत पासवर्ड रखता है, टू-फैक्टर सुरक्षा अपनाता है और अपनी निजी जानकारियां केवल जरूरी और सुरक्षित मंचों पर ही साझा करता है। लब्बोलुआब यह कि जो युवा अपनी प्राइवेसी की कीमत समझता है, वही दूसरों की प्राइवेसी का अर्थ भी जानता है। इसलिए मानवाधिकारों के प्रति सजग बनना है तो डिजिटल प्राइवेसी का सम्मान करना और इसे खुद भी सीखना जरूरी है।

**साइबर बुलिंग का विरोध:** स्मार्टफोन के दो क्लिक किसी की मानसिक शांति छीन सकते हैं। बॉडी-शेमिंग, ट्रोलिंग, मीम के नाम पर अपमान- ये सब मनोरंजन नहीं है बल्कि डिजिटल हिंसा है। एक संवेदनशील और मानवाधिकारों के लिए सजग युवा वही है, जो ऐसी हरकतों पर चुप नहीं रहता। 'रिपोर्ट' करता है, 'ब्लॉक' करता है और पीड़ित को 'सपोर्ट' करता है। ये तीन शब्द आज की सामाजिक जिम्मेदारी हैं। किसी की मानसिक भलाई भी एक मानवाधिकार है और इस भलाई को करना हर युवा के डिजिटल नागरिक होने का कर्तव्य भी है। इसलिए मानवाधिकारों का चैंपियन बनने के लिए इन सब हरकतों को लेकर चुप नहीं रहना चाहिए।







## ऑनलाइन वित्तीय सुरक्षा का अधिकार

यूपीआई, वॉलेट पेमेंट और ऑनलाइन शॉपिंग ने सुविधा बढ़ाई है, लेकिन जोखिम भी बढ़ाया है। डिजिटल धोखाधड़ी सिर्फ पैसों का नुकसान नहीं बल्कि मानसिक और सामाजिक क्षति भी है। इस मामले में आप अपने मानवाधिकारों को तभी तक सुरक्षित रख सकते हैं, जब तक अजनबियों को ओटीपी, पिन, पासवर्ड नहीं बताते, संदिग्ध लिंक नहीं खोलते, क्यूआर कोड बिना सोचे नहीं स्कैन करते। वित्तीय सुरक्षा, आधुनिक मानवाधिकारों में सीधे इस सोच से जुड़ी है कि आर्थिक स्वाभिमान भी एक अधिकार है।

**कुछ भी शेयर करने से पहले:** किसी की फोटो, चैट, स्क्रीनशॉट या किसी की वीडियो को फटाफट पब्लिक फ्रंट पर साझा करने से पहले न केवल कई बार सोचें बल्कि जिनसे सीधे उसका रिश्ता है, अनिवार्य रूप से उसकी सहमति भी लें। अगर सहमति मिलती है, तभी सार्वजनिक दुनिया में प्राइवेसी के इन खास पलों को साझा करें। अगर ऐसा नहीं करते तो इससे साबित होगा कि आप डिजिटल दुनिया में न तो सामान्य शिष्टाचार का पालन करते हैं और न ही लोगों के प्रति संवेदनशील हैं। क्योंकि जो खिलवाड़ आप हंसी खेल में कर देंगे, वो किसी के लिए अभिशाप भी बन सकता है। आज की युवा पीढ़ी के लिए 'कंसेंट कल्चर' सिर्फ भौतिक रिश्तों में ही नहीं बल्कि डिजिटल स्पेस में भी जरूरी है। दूसरों की अनुमति का सम्मान करना डिजिटल नैतिकता का आधार है।





**फेक न्यूज-हेट स्पीच से दूरी:** डिजिटल वर्ल्ड में मानवाधिकारों के प्रति अगर आप सजग हैं तो न सिर्फ फेक न्यूज और हेट स्पीच से दूर रहना जरूरी है बल्कि उन्हें हर संभव तरीके से रोकना भी जरूरी है। एक जागरूक डिजिटल यूजर को इसे भी अपनी 'नेट नागरिकता' की जिम्मेदारी और मानवाधिकार मानना चाहिए, क्योंकि भ्रामक खबरें अब खतरनाक हथियार बन चुकी हैं। एक एडिटेड वीडियो, एक गलत जानकारी पूरे समुदाय को तनाव में ला सकता है, अराजकता फैला सकता है। अतः जिम्मेदार और डिजिटल युग में मानवाधिकार के प्रति सजग वही है, जो किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले उसकी सत्यता जांचे। याद रखिए हेट स्पीच 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' नहीं है बल्कि यह स्वतंत्रता के नाम पर दूसरे के अधिकारों पर आक्रमण है। इसे रोकना डिजिटल समाज को सुरक्षित बनाए रखने का सबसे महत्वपूर्ण कदम है।

**डेटा उपयोग को जानने का अधिकार:** आज आपके सोशल मीडिया फीड में क्या दिखेगा, यह आपकी पसंद से ज्यादा एल्गोरिद्म तय करता है। एआई आपकी आदतों का विश्लेषण करता है और आपके निर्णयों को प्रभावित करता है। हर डिजिटल सजग युवा को यह जानने का अधिकार है कि उसका डेटा कैसे उपयोग हो रहा है? इसके प्रति सजग और संवदनेशील बने रहना जरूरी है।

**मानसिक स्वास्थ्य का मानवाधिकार:** डूम-स्क्रॉलिंग, लाइक्स पर निर्भरता, दूसरों की तुलना में आत्म-मूल्य घटाना, ये नई डिजिटल बीमारियां हैं। मानसिक स्वास्थ्य भी मानवाधिकार है और उसकी रक्षा आपको स्वयं करनी होती है। स्क्रीन टाइम सीमित करना, डिजिटल डिटॉक्स, सकारात्मक सामग्री चुनना और जरूरत पड़ने पर सहायता मांगना, आपको मजबूत और संतुलित बनाता है। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही अपने अधिकारों के लिए सजग रह सकता है।

**डिजिटल फुट प्रिंट की समझ:** इस बात को याद रखिए कि इंटरनेट कुछ भूलता नहीं। सोशल मीडिया पर डाला गया हर शब्द, हमेशा के लिए दर्ज हो जाता है। अपने या अपने दोस्त के प्रति एक लापरवाही, करियर, रिश्तों या छवि पर भारी पड़ सकती है। इसलिए हर पोस्ट से पहले सोचना जरूरी है कि क्या ये भविष्य में मुझे या मेरे जैसे किसी और को चोट तो नहीं पहुंचाएगी? डिजिटल फुट प्रिंट का ध्यान रखना एक समझदार, संवेदनशील और भविष्य-दृष्टि वाला डिजिटल सिटिजन बनने का सबसे आसान तरीका है।

**स्वतंत्र अभिव्यक्ति का अधिकार:** सभ्य संवाद ही आधुनिक अधिकार संस्कृति है। ऑनलाइन बोलने का साहस अच्छा है, लेकिन उसमें संवेदनशीलता, तर्क और शिष्टता भी होनी चाहिए। मतभेद स्वाभाविक हैं पर अपमानजनक भाषा मानवाधिकार मूल्यों को तोड़ती है। एक परिपक्व व्यक्ति वही है, जो अपनी राय साफ रखता है, लेकिन किसी की गरिमा को चोट नहीं पहुंचाता। *

# स्वास्थ्य मात्र सुविधा ही नहीं हम सभी का है अधिकार

कोई भी देश-समाज तब तक प्रगति नहीं कर सकता, खुश नहीं रह सकता, जब तक वहां के लोग स्वस्थ नहीं रहते। इसीलिए लोगों और सरकारों को इस दिशा में अवेयर करने के लिए ही 12 दिसंबर को यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज-डे मनाया जाता है। इस बारे में सभी को पता होना चाहिए।



अवेयरनेस

डॉ. माजिद अलीम

हर साल 12 दिसंबर को दुनिया भर में मनाया जाने वाला यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज-डे, हमें यह याद दिलाता है कि स्वस्थ जीवन का हक, किसी खास वर्ग या आर्थिक स्थिति से नहीं जुड़ा। अस्पताल, दवा, इलाज, टेस्ट, मानसिक स्वास्थ्य- ये सब उपलब्धता का मुद्दा नहीं बल्कि धरती के हर नागरिक का अधिकार हैं।

**यह दिन मनाने का मकसद:** इस दिन का वास्तव में असली मकसद यही है कि आम लोग अपने नागरिक अधिकार समझें, क्योंकि बीमार होना कभी किसी की गलती नहीं होती, पर इलाज न मिलना व्यवस्था की गलती होती है। यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे, दुनियाभर की सरकारों, नीति-निर्माताओं और नागरिकों को यह संदेश देता है कि स्वास्थ्य पर किया गया निवेश सिर्फ लोगों को मजबूत नहीं बनाता बल्कि पूरे समाज और अर्थव्यवस्था को सुरक्षित और समृद्ध करता है। जब हर व्यक्ति बिना आर्थिक मदद के डॉक्टर तक पहुंच सके, तभी सही अर्थों में, 'हेल्थ फॉर ऑल' जैसा नारा सच होगा।



**ऐसे हुई इस दिन की शुरुआत:** जहां तक यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज-डे की शुरुआत और इसके मनाए जाने की वजह का सवाल है तो संयुक्त राष्ट्र से आधिकारिक मान्यता इस विशेष दिन के लिए 2017 में मिली। जब दिसंबर 2017 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पास करके 12 दिसंबर को आधिकारिक रूप से यूएचसी डे (यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज-डे) घोषित किया। यह पहल वैश्विक स्वास्थ्य संगठनों, नागरिक समाज और विभिन्न देशों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम थी। हालांकि ये 2017 में संभव हुआ, लेकिन इसकी जड़ें 2012 से जुड़ी हैं, जब इसी 12 दिसंबर को यूएन ने यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज पर पहली बार ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित किया था। इस दिन को ही बाद में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस के रूप में चुना गया।

**कई तरह के होते हैं आयोजन:** जहां तक देश और दुनिया में इस विशेष दिन को मनाए जाने के तरीके का सवाल है तो दुनिया के अलग-अलग देश और संस्थाएं इस दिन को कई तरीकों से सेलिब्रेट करती हैं। स्वास्थ्य मंत्रालयों और विभिन्न एनजीओं द्वारा सोशल मीडिया कैंपेन, 'हेल्थ फॉर ऑल', 'यूएचसी डे' जैसे हैश टैग के साथ मनाया जाता है। इस दिन अनेक डिजिटल पोस्टर, वीडियो और जनसंदेश स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ाने के उद्देश्य से जारी किए जाते हैं। कई जगहों पर स्वास्थ्य शिविर और मुफ्त जांच कार्यक्रम चलते हैं। रक्तदान शिविर, टीकाकरण जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग कैंपेन और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच अभियान चलाए जाते हैं।

स्कूल कॉलेज में इस दिन छात्रों के लिए कई तरह की वर्कशॉप लगती हैं। हेल्थ अवेयरनेस रैली निकलती है। निबंध, पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिताएं होती हैं तथा मीडिया कवरेज भी इस अवसर को खास तव्वजो देती है। विभिन्न टीवी चैनल और पत्रिकाएं इस दिन के लिए विशेष कार्यक्रम बनाते हैं।

**कोविड काल से बढ़ी महत्ता:** साल 2019-20 में कोविड महामारी के दौरान इस खास दिन के लिए दुनिया भर में सजगता बढ़ी है, क्योंकि कोविड ने दिखा दिया कि असमान स्वास्थ्य ढांचा सिर्फ उस देश के लिए ही जोखिम भरा नहीं है, जहां ये होता है बल्कि पूरी दुनिया को खतरे में डाल सकता है। इसलिए इस दिन देशों को यह याद दिलाया जाता है कि स्वास्थ्य में निवेश करना, आर्थिक और सामाजिक स्थिरता की आधारशिला है। दुनिया में हर साल करीब 10 करोड़ लोग स्वास्थ्य खर्च के चलते गरीबी रेखा से घिर जाते हैं, जबकि सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस की यह धारणा ही है कि स्वास्थ्य लोगों की जेब पर भारी पड़ने वाली चीज नहीं है बल्कि सरकारों की अपनी जनता के लिए बुनियादी जिम्मेदारी है।

**सामाजिक जिम्मेदारी है अच्छी हेल्थ:** आधुनिक जीवनशैली, बढ़ता स्क्रीन टाइम, तनाव और फास्ट फूड की ललक के चलते दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवाओं का मानव विस्फोट हो गया है। ऐसे में स्वास्थ्य को लेकर हर तरफ खतरा और डर महसूस होता है, जिसके कारण अरबों, खरबों डॉलर के हर साल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा लोगों द्वारा लिए जाते हैं। उस सबके बीच यूएचसी डे का कुछ अलग ही महत्व निकलकर आता है कि स्वास्थ्य, व्यक्तिगत समस्या नहीं है, यह सामाजिक जिम्मेदारी है। *

नवगीत

घमंडीलाल अग्रवाल

## सुख हो गया लघुकथा जैसा

सुख हो गया लघुकथा जैसा
उपन्यास-सा दुख!
पसर गईं हैं मन में आकर
ऐसे इच्छाएं,
वर्षा के मौसम में नभ पर
जैसे घन छाएं।
पढ़े न कोई उर की पोथी
देखें सब आमुख।
भौतिकता की चकाचौंध ने
हमको भरमाया,
आमदनी आठ आने, खर्चा
है रुपया पाया।
उलझन ने खोले सुरसा-से
बड़े-बड़े अब मुख।
माया के चक्कर में काया
हुई सूख कांटा,
परेशानियां सांझ-सकारे
मार रहीं चांटा।
फिर भी खाई में गिरने का
अपनाया है रुख।
हवा भरे गुब्बारों जैसे
लोग नजर आते,
घड़ी दो घड़ी साथ निभाकर
पिचक बाद जाते।
बांह न कोई गहे उम्र भर
कब बैठे सम्मुख।

लघुकथाएं

## दीवारें भी कुछ कहती हैं



बाबूजी ने अपने पुराने घर का रेनोवेशन करवाया था। पूरा घर चमकने लगा था। दरवाजों पर सुंदर कलर के पेंट, दीवारों पर नई डिजाइन की कलाकारी, नया पेंट, पुट्टी सब कुछ बहुत सुंदर दिख रहा था। यह सब देखकर ससुराल से आई बेटी रानू बहुत खुश हो रही थी। वो घर के अंदर गई तो देखकर दंग रह गई। मुख्य द्वार पर पीले, लाल हाथों के निशान ज्यों के त्यों थे। बैठक में दीवारों पर रंग-बिरंगी आड़ी-तिरछी रेखाएं मुंह चिढ़ा रही थीं। और तो और जीने की दीवारों पर तेल भरे हाथों के धब्बे दिखाई दे रहे थे। इन सभी जगहों को छोड़कर बाकी दीवारों पर लिपाई-पुताई कर दी गई थी। यह सब देखकर हैरान-सी रानू ने अपने पिता से पूछा, 'बाबूजी, यह सब क्या है? आपने इन दीवारों पर इन गंदे दाग-धब्बों पर पेंट क्यों नहीं करवाया? ऐसे इन्हें क्यों छोड़ दिया? देखो ये कितने बदरंग दिख रहे हैं।'

बाबूजी मुस्कुराते हुए बोले, 'बेटा, यह बदरंग धब्बे-दाग नहीं, यह रिश्तों के प्रेम के खुशरंग निशानी हैं। ये देखो, यह लाल, पीले हाथों के छाप। यह तेरी बुआ के हाथों के छाप हैं, जब वह ससुराल गई थी। ये लाल निशान तेरे हाथों के हैं, जब तू ससुराल गई थी। ये आड़ी-तिरछी रेखाएं तुम सब नन्हे-मुन्ने बच्चों की हैं, जब तुम शरारत करते थे। यह जीने पर तेल के दाग तुम्हारे पूज्य दादा जी के हैं, जब-तब वे जीने पर इन दीवारों के सहारा लेकर चढ़ते थे। आज वे नहीं रहे, पर ये निशानियां हैं, जो मुझे हमारे पुराने दिनों की याद दिलाते हैं। ये दीवारें भी कुछ कहती हैं हमसे, तुम भी सुनो।' बाबूजी की बात सुनकर रानू पुरानी यादों में खो गई। *

- शैल चंद्रा

## सीमा



आज डमरू अपनी बिटिया विनी को बाजार में ड्रेस दिलाने लाया था। एक फ्रॉक की दुकान पर दोनों रुक गए।

'पापा..पापा.. ये फ्रॉक ले लो ना.. ये वाली..।' विनी ने मचलते हुए एक फ्रॉक की तरफ इशारा किया। डमरू का दिल धक-धक करने लगा। स्लेटी रंग की वह फ्रॉक सिल्क की थी। उसने सोचा काफी महंगी होगी। डमरू को समझ नहीं आ रहा था, छह साल की बेटी को कैसे बहलाए।

गर्दन घुमाते हुए डमरू को एक रंगीन लेकिन सस्ती सी फ्रॉक दिखाई दी। वह बोला, 'आहा! यह देखो विनी, इसमें झालर है, घुंघरू भी लगे हैं, इसे ले लो बेटा।'

रंग की चकाचौंध में विनी बहल गई। उसने वही फ्रॉक ले ली। सूती कपड़े की रंगीन फ्रॉक पहनकर अगले दिन विनी स्कूल गई। वहां स्कूल फंक्शन में विनी ने कविता प्रतियोगिता में प्यारी सी एक कविता सुनाई। उसे प्रथम पुरस्कार मिला। विनी की खुशी दोगुनी हो गई।

घर आकर चहकते हुए उसने बताया, 'पापा, इसी प्यारी फ्रॉक की वजह से मिल गया पहला ईनाम।' विनी खुशी से अपनी ट्रॉफी चूम रही थी। डमरू को पिछले साल का वह वाकया याद आया, जब एक मिठाई की दुकान पर काजू कतली को देखकर विनी मचल गई थी, उसे यह मिठाई खानी है। डमरू ने दूसरी तरफ उसे बहलाते हुए रंगीन पेठा दिखाया। मासूम विनी वही रंगीन रसीला पेठा खाकर खुश हो गई थी। कल भी डमरू ने वही किया। विनी तो छोटी बच्ची है, अबोध। लेकिन डमरू मजबूर है, उसे अपनी सीमा का आभास है, वह अपनी चादर से बाहर पैर नहीं फैला सकता। *

-पूनम पांडे




पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## स्मृतियों की बस्ती

हाल में वरिष्ठ कथाकार अब्दुल बिस्मिल्लाह द्वारा लिखे गए संस्मरणों की किताब 'स्मृतियों की बस्ती' छपकर आई है। इसमें कुल सोलह संस्मरण संकलित हैं। इनमें त्रिलोचन और अमरकांत पर दो-दो संस्मरण हैं और एक संस्मरण इलाहाबाद में लेखक के द्वारा बिताए गए दिनों पर आधारित है।

'चिड़ियों के घर का वासी' संस्मरण हजारी प्रसाद द्विवेदी पर लिखा गया है। इसमें लेखक ऐसी छोटी-छोटी कई बातें बताते हैं, जिनसे द्विवेदी जी के व्यक्तित्व की सहजता और सरलता में निहित विराटता प्रकट होती है। 'बरगद जैसे छायादार थे अमृतलाल नागर' संस्मरण में लेखक ने नागर जी से मिली आत्मीयता का मार्मिकता से वर्णन किया है। अमरकांत पर इस पुस्तक में दो संस्मरण संकलित हैं- 'अशोक वृक्ष की छाया में' और 'अमरकांतः प्रफुल्लता की प्रतिमूर्ति।' त्रिलोचन पर भी पुस्तक में दो संस्मरण 'नाम सार्थक लगे त्रिलोचन' और 'एक विरोधाभास त्रिलोचन' संकलित हैं। काशीनाथ सिंह, हरिशंकर परसाई और बाबा नागार्जुन से जुड़े संस्मरणों में उनके कई अनछुए पहलू उजागर हुए हैं। पुस्तक के अंतिम संस्मरण 'इलाहाबाद के वे दिन' में अब्दुल बिस्मिल्लाह लिखते हैं, 'इलाहाबाद के साहित्यिक-सांस्कृतिक वातावरण, वहां की गतिविधियों, रचनाकारों के जमावड़ों, भांति-भांति के व्यक्तियों और समग्रता में उस शहर के जीवन प्रवाह ने न केवल मेरी जीवनी शक्ति को दृढ़ता प्रदान की, बल्कि मेरी रचनाशीलता को भी धार दी।' बिस्मिल्लाह जी ने जिन हस्तियों पर संस्मरण लिखे हैं, उनके साथ उनके शहर का जीवन स्पंदन और जीवनशैली का सोंधापन भी महसूस कराते चलते हैं। *

**पुस्तक:** स्मृतियों की बस्ती, **लेखक:** अब्दुल बिस्मिल्लाह, **मूल्य:** 299 रुपए, **प्रकाशक:** राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली